RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 चांदनी को पाखी के रोल की...

वर्ष : 26 अंक : 150 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 22 मई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# भीषण गर्मी की मार, पारा 43 डिग्री पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में भीषण गर्मी को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। दिल्ली-एनसीआर में पारा दोपहर 12 बजे के बाद 43 डिग्री के पार चला गया। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक लू से गंभीर लू चलने की संभावना व्यक्त की है। इन राज्यों के कई जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत के कई हिस्सों, राजस्थान के कुछ हिस्सों के साथ-साथ गुजरात और मध्य प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में भीषण गर्मी की स्थिति है। इसके अलावा, राजस्थान के कुछ हिस्सों में रात के समय में भी गर्म स्थिति देखी गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)



उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा में रेड अलर्ट

## दिल्ली-NCR में आज का मौसम

"आज दिल्ली-एनसीआर में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि कुछ स्थानों पर लू चलने की आशंका है। इसमें कहा गया है कि दिन के दौरान 20-30 किमी/घंटा की गति और कभी-कभी झोंकों के साथ तेज सतही हवाएं चलेंगी। नोएडा में दोपहर 12 बजे अधिकतम पारा 43 डिग्री दर्ज किया गया।

# जिला अस्पताल में आग लगने से मची दहशत



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल के बेसमेंट में आज तड़के करीब चार बजे अस्पताल के बेसमेंट-1 के सर्वर रूम में शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण सर्वर रूम में रखी बैटरी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

अस्पताल के बेसमेंट से तड़के सुबह धुआं निकलता देख गार्डों ने इसकी सूचना डाक्टरों को दी। बेसमेंट में नीचे जाकर देखो तो सर्वर रूम में आग लगी है। मामले की सूचना डायल-112 के अलावा 102 पर दी गई है। वहीं आइसीयू, इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों को दूसरे तल पर शिफ्ट करने का काम शुरू हुआ।

सूचना पर अस्पताल की सीएमएस डा. रेनू अग्रवाल भी मौके पर पहुंची। उन्होंने मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। उनके साथ आईसीयू के इंचार्ज, इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर और स्टाफ ने स्वजन की मदद से मरीजों को अस्पताल के दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया। सूचना के बाद दमकल विभाग और स्थानीय (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नरेन्द्र मोदी बना रहे हैं दो भारत : राहुल

## पुणे घटना को लेकर पीएम पर बोला हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने पुणे में पॉर्श कार से दो लोगों को कुचलने के मामले में सोशल मीडिया साइट एक्स पर वीडियो जारी कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने अपने इस वीडियो में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो भारत बना रहे हैं। जिसमें एक अरबपतियों का और दूसरा गरीबों का भारत होगा।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अपना वीडियो जारी करते हुए कहा कि अगर बस ड्राईवर, ओला व ऑटो चालक गलती से किसी को मार देता है तो उसे 10 साल की सजा होती है। लेकिन अमीर घर का नाबालिग बेटा अगर दो लोगों की जान ले लेता है तो उसे ऐसे (निंबध) लिखने की सजा दी जाती है। राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी दो भारत बना रहे हैं। एक अरबपतियों का और एक गरीबों का भारत।

प्रधानमंत्री ऐसा भारत बना रहे हैं जहां न्याय भी पैसों से मिलेगा। राहुल गांधी ने कहा कि हम चाहते हैं कि दोनों को न्याय मिले इसके लिए हम लड़ रहे हैं।



## भाजपा का राहुल पर पलटवार



कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ट्वीट कि 'नरेंद्र मोदी दो भारत बना रहे हैं- जहां न्याय भी धन पर निर्भर है' पर बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पलटवार किया है। उन्होंने आज एक प्रेसवार्ता में कहा कि अगर राहुल गांधी ऐसा कहते हैं, तो यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। क्या न्याय व्यवस्था नेता के अधीन आती है? यह उनकी सरकार के दौरान रहा होगा। मुझे याद है कि उनकी दादी ने कहा था कि एक प्रतिबद्ध न्यायपालिका होनी चाहिए... और रही बात न्यायिक व्यवस्था के महंगे होने की, तो आपने संसद में सबसे महंगे वकील भेजे हैं जो लाखों की फीस लेते हैं, अपने दोस्तों से कहें कि वे इस व्यवस्था को सस्ता बनाने में मदद करें।

# सेक्टर-51 के पार्क में सांप निकलने से मचा हड़कंप



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-51 स्थित चिल्ड्रन पार्क में आज सुबह सांप निकलना स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। पार्क में टहलने वाले 300-400 लोगों ने डर के साए में सैर की। लोगों ने वन विभाग व उद्यान विभाग के अधिकारियों से सांप को पकड़वाने की शिकायत की। उधर, वन विभाग टीम (शेष पृष्ठ-3 पर)

# बलेनो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बादलपुर क्षेत्र में बाइक सवार व्यक्ति को बलेनो कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई।

थाना बादलपुर पुलिस ने बताया कि बीती रात को श्रीमती निशा निवासी जनपद अलीगढ़ ने थाना बादलपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पति राहुल कुमार अपनी फैक्ट्री से काम करके बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। तभी दादरी बाईपास के पुल के पास एक अज्ञात बलेनो कार के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अमेरिकी फोन नम्बर से टीवी चैनल के सीईओ का डाटा हैक

**नोएडा (चेतना मंच)।** साइबर ठगों ने नोएडा के सेक्टर-16ए स्थित फिल्म सिटी में एक टीवी चैनल के सीईओ को अपने जाल में फंसाने का प्रयास किया है। टीवी चैनल के सीईओ ने थाना सेक्टर-20 पुलिस में एफआईटार दर्ज कराई है। वहीं एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड चोरी करके अज्ञात ठगों ने उसका बैंक अकाउंट खाली कर दिया।

थाना सेक्टर-20 पुलिस ने बताया कि सेक्टर-16ए स्थिति टीवी चैनल के (सीईओ) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अमेरिका के एक नंबर से अज्ञात साइबर अपराधी ने उनका निजी और व्यक्तिगत डाटा हैक करके उनके परिचितों से संपर्क कर रहा है। वह उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहा तथा उनके परिचितों से ठगी करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डेबिट कार्ड चोरी कर बैंक अकाउंट कर दिया खाली



वहीं थाना सेक्टर-20 पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड चोरी कर साइबर ठगों ने 1 लाख रूपये निकाल लिए। पीड़ित ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर कराई है कि वह अरुण विहार सेक्टर-29 में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार 29 मई को वह सेक्टर-29 स्थित एक एटीएम से पैसा निकालने गए थे। वहीं पर उनका एटीएम कार्ड चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि 20 मई को अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके कार्ड की सहायता (शेष पृष्ठ-3 पर)

# विपक्ष में औरंगजेब की आत्मा घुस गई : योगी

**जौनपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नने आज जौनपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होने कहा, सपा कार्यकर्ता आपस में कुश्ती कर रहे। सत्ता से दूर हैं तब ये हाल है, नहीं होते तो क्या होता? उन्होंने कहा कि विपक्ष के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। इसलिए वह विरासत टैक्स की बात कर रहे हैं।



उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने जनता की भावना का सम्मान किया है। 500 साल बाद भव्य राम मंदिर बना। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी राम विरोधी है। इनकी सरकार होती तो राम मंदिर नहीं बन पता। पीएम मोदी के नेतृत्व में ही देश में सुशासन संभव है।

सीएम योगी ने कहा, पाकिस्तान की आबादी भूख से मर रही है। भारत में 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन दे रहा है। भारत में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए। मुख्यमंत्री ने कहा, विपक्ष के लोग (शेष पृष्ठ-3 पर)

# पर्सनल फोटोज लीक करके मुझे तोड़ना है : स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आप पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। वहीं इस मामले में स्वाति मालीवाल ने जुबान खोली है। स्वाति मालीवाल ने कहा है कि आरोपी बहुत शक्तिशाली आदमी है। वह चाहे मेरे खिलाफ हजारों की फौज खड़ी कर दे, लेकिन मैं इंसाफ मिलने तक अकेले सामना करूंगी।

मालीवाल ने कहा कि कल पार्टी के एक बड़े नेता का फोन आया। उसने बताया कैसे सब पर बहुत ज्यादा दबाव है, स्वाति के खिलाफ गंदी बातें बोलनी हैं, उसकी पर्सनल फोटोज लीक करके उसे तोड़ना है। ये बोला जा रहा है कि जो उसको सपोर्ट करेगा उसको पार्टी से निकाल देंगे।



उन्होंने कहा कि तुम हजारों की फौज खड़ी कर दो, अकेले सामना करूंगी क्योंकि सच मेरे साथ है। मुझे इनसे कोई नाराजगी नहीं है, आरोपी बहुत शक्तिशाली आदमी है। बड़े से बड़ा नेता भी उससे डरता है। किसी की हिम्मत नहीं उसके खिलाफ स्टैंड ले पाए। मैं किसी से उम्मीद भी नहीं करती।

मालीवाल ने आगे कहा कि दु:ख इस बात का लगा कि दिल्ली की महिला मंत्री कैसे हंसते मुस्कुराते पार्टी की एक पुरानी महिला साथी का चरित्र हरण कर रही है। मैंने अपनी स्वाभिमान की लड़ाई शुरू की है, इंसाफ मिलने तक लड़ाई लड़ती रहूंगी। इस लड़ाई में मैं पूरी तरह अकेली हूं पर हार नहीं मानूंगी। उन्होंने यह बातें एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट कर लिखी हैं।

# लुक्सर जेल में बंद कैदी की मौत

## बलात्कार के जुर्म में हुई थी 20 साल की सजा

**नोएडा (चेतना मंच)।** किशोरी से बलात्कार के जुर्म में सजायाफ्ता एक कैदी की लुक्सर जेल में मौत हो गई। वह कैंसर से पीड़ित बताया जा रहा है। उसे मुजफ्फरनगर जेल से पिछले वर्ष लुक्सर जेल में शिफ्ट किया गया था।

लुक्सर जेल के सुपरिंटेंडेंट अरुण कुमार सिंह ने बताया कि परवेज पुत्र रईस निवासी मोहल्ला खादर वाला थाना कोतवाली नगर जिला मुजफ्फरनगर के खिलाफ जनपद मुजफ्फरनगर के कोतवाली नगर में धारा 376(3),506 और 3/4 पास्को एक्ट के तहत एक मुकदमा दर्ज हुआ था।

इस मामले में जनपद मुजफ्फरनगर के अपर जिला सत्र स्पेशल जज पास्को- दो ने उसे 20 वर्ष की सजा सुनाई थी। 17 सितंबर वर्ष 2023 को जनपद मुजफ्फरनगर से परवेज को गौतमबुद्धनगर कारागार में स्थांतरित किया गया। वह काफी समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित था। उसका उपचार दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में चल रहा था। कल सुबह को उसे सांस लेने में दिक्कत हुई, उसको उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती करवाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है।

# भोजपुरी स्टार पवन सिंह का भाजपा से पत्ता साफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

लोकसभा चुनाव के दौर के बीच भाजपा पार्टी से एक बड़ी खबर सामने आई है। भाजपा ने भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह को अपनी पार्टी से निकाल दिया है। आपको बता दें पवन सिंह काराकाट लोकसभा सीट से एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे थे। पवन सिंह पर अनुशासनहीनता और दल विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के चलते ये कार्रवाई की गई है। बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी के आदेश पर ही पवन सिंह को भाजपा पार्टी से निष्कासित किया गया है।

आपको बता दें कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जारी प्रत्याशियों की अपनी पहली ही सूची में पवन सिंह को पश्चिम बंगाल के आसनसोल से टिकट दिया था।

भोजपुरी स्टार ने टिकट मिलने पर बीजेपी और सभी नेतृत्व का आभार जताया था और आसनसोल से अपना खून-पसीने और रोजी-रोटी का रिश्ता बताया था। लेकिन उसके अगले ही दिन पवन सिंह ने बंगाल से चुनाव लड़ने में असमर्थता जताई। बीजेपी ने फिर उनकी जगह एसएस अहलूवालिया को आसनसोल से अपना प्रत्याशी बनाया। बता दें कि टीएमसी ने इस सीट से अभिनेता शत्रुघन सिन्हा को उतारा है।

# एक दर्जन बकायेदार बिल्डरों पर गाज गिरना तय

## सील होंगे प्रोजेक्ट, बोर्ड बैठक में रखा जाएगा एजेंडा

**नोएडा (चेतना मंच)।** शासन तथा प्रशासन के लाख प्रयासों के बाद भी करीब एक दर्जन बिल्डर ऐसे हैं जो न तो प्राधिकरण की बैठक में शामिल हुए और न तो उन्होंने 25 फीसदी धनराशि जमा की और न ही अपनी कोई सहमति दी। इन पर 25 मई के बाद कभी भी कार्यवाही हो सकती है तथा उनके प्रोजेक्ट भी सील किए जाएंगे।

एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि बोर्ड बैठक में ऐसे बिल्डर्स का एजेंडा रखा जाएगा तथा सीलिंग की कार्रवाही का अनुमोदन किया जाएगा।

इन 12 बिल्डरों को प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी किया गया। जिसका जवाब भी अब तक नहीं दिया गया। ऐसे में इनकी प्रापर्टी का सर्वे कराया गया। ताकि इनको सील कर प्राधिकरण बकाया निकाले और रजिस्ट्री खोली जा सके। प्राधिकरण एसीईओ



वंदना त्रिपाठी ने बताया इन बिल्डरों की जो भी खाली इंवेट्री प्रापर्टी है उसको सील किया जाएगा। ताकि बकाया मिल सके और रजिस्ट्री शुरू हो सके। बकायेदार बिल्डरों के टीबी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड इन पर 55.27 करोड़, एमपीजी रियेल्टी प्राइवेट लिमिटेड 38.92 करोड़ , एजीसी रिएल्टी प्राइवेट लिमिटेड 20.80 करोड़, सिविटेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड 8.77 करोड़, मनीषा किबी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड 0.38 करोड़, आईवीआर प्राइम 659.92 करोड़, एसोटेक लिमिटेड 267.80 करोड़, एसोटेक कांट्रैक्टस लिमिटेड 189.88 करोड़, आर जी रेजिडेंस प्राइवेट लिमिटेड 170.10 करोड़, गार्डेनिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 111.84 करोड़, फ्यूटेक शेल्टर प्राइवेट लिमिटेड 114.71 करोड़, एवीपी बिल्डटैक प्राइवेट लिमिटेड 58.38 करोड़ की देनदारी बाकी है।

आकड़ों को देखे तो नोएडा में 57 में से 22 बिल्डरों ने 25 प्रतिशत धनराशि रुपए 173.77 करोड़ जमा करा दी है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सामंती सिंड्रोम

कांग्रेस आलाकमान का चरित्र और रवैया 'सामंती सिंड्रोम' से कम नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पश्चिम बंगाल के सबसे अनुभवी, दिग्गज और जनाधारी नेता अधीर रंजन चौधरी को फटकार कर खारिज कर दिया, क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ टिप्पणी कर दी थी। खडगे ने ममता की तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के 'इंडिया' गठबंधन के साथ संबंधों की कुछ व्याख्या की और अधीर रंजन पर बोले-'वह फैसला लेने वाला कोई नहीं है। पार्टी आलाकमान तय करेगा।' बंगाल के कार्यकर्ता खडगे की चेतावनी से नाराज हो गए और कांग्रेस अध्यक्ष की तस्वीरों पर स्याही पोत दी। बंगाल में सिर्फ अधीर रंजन की 'बहरामपुर' सीट ही बची है, जो कांग्रेस की विजयी सूची में दर्ज है। उसके अलावा, कांग्रेस-वाममोर्चा के साझा खाते में भी 'शून्य' ही दर्ज है। अधीर रंजन चौधरी निवर्तमान लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता रहे हैं। यह पद 'नेता प्रतिपक्ष' के लगभग समान ही था। खडगे भी राज्यसभा में 'नेता प्रतिपक्ष' हैं। दोनों ही नेता कांग्रेस की शीर्षस्थ संस्था 'कांग्रेस कार्यसमिति' के सदस्य हैं। यह दीगर है कि खडगे कांग्रेस के निर्वाचित अध्यक्ष हैं, लेकिन क्या आलाकमान के मायने ये होते हैं कि आप समकक्ष नेता को बेमानी और खारिज करार दें? कांग्रेस आलाकमान की यह संस्कृति ही देश ने इस कदर खारिज की है कि पार्टी को चुनाव-प्रचार में लगातार पाखंड खेलने पड़ रहे हैं कि यदि मोदी सरकार ही तीसरी बार सत्ता में आई, तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र समाप्त किया जा सकता है और आम चुनाव अब कभी नहीं कराए जाएंगे। 'एक देश, एक नेता' का भी दुष्प्रचार किया जा रहा है। क्या दुनिया के सबसे बड़े, स्थापित लोकतांत्रिक देश भारत में ऐसी स्थितियां संभव हैं? जनता बखूबी जानती है कि ऐसे ढेरों भ्रम फैलाए जा रहे हैं। कमोबेश 4 जून को देश का जनादेश सार्वजनिक हो जाएगा। बहरहाल ममता बनर्जी ने बयान दिया था कि यदि केंद्र में गैर-भाजपा और 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है, तो तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में उसे बाहर से समर्थन देगी। इस पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने ममता को 'अवसरवादी नेता' करार दिया। ममता 'इंडिया' गठबंधन के संस्थापकों में थीं, लेकिन पश्चिम बंगाल में 'इंडिया' के खिलाफ चुनाव में उतरीं। कांग्रेस-वाममोर्चा के साथ सीटों का बंटवारा नहीं हो सका, लिहाजा ममता ने अकेले ही चुनाव लडने् की घोषणा की थी। तृणमूल कांग्रेस राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ रही है। यकीनन भाजपा के खिलाफ 'इंडिया' को बड़ा नुकसान हुआ है। अधीर रंजन ने ममता बनर्जी को यहां तक 'अवसरवादी' माना है कि यदि बंगाल में भाजपा अच्छी-खासी सीटें जीत गई और केंद्र में भी भाजपा-एनडीए को बेहतर जनादेश मिल गया, तो ममता भाजपा के साथ भी जा सकती हैं। दोनों के बीच 'घनिष्ठ संबंधों' की तरह मिलीभगत है। ममता ने अभी जो बयान दिया था, उसके अगले दिन ही उन्होंने अपने शब्दों में संशोधन किया और कहा कि तृणमूल कांग्रेस भी 'इंडिया' का हिस्सा है। समग्रता में देखा जाए, तो 'इंडिया' के कथित घटकों के बीच, जमीनी स्तर पर, जो रूखापन, कटुता और हिंसा चुनाव के दौरान देखी गई है, उसने तमाम राजनीतिक गणनाओं को बिगाड़ दिया है। तृणमूल कांग्रेस अपने वर्चस्व के लिए राजनीति करती रही है, जबकि बंगाल में कांग्रेस और वाममोर्चा अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। ये तमाम स्थितियां 'इंडिया' गठबंधन पर सवाल करती हैं। खडगे को भी इसका एहसास होगा। दिल्ली में गठबंधन की संभावनाएं तब पुख्ता होंगी, जब राज्य में 'इंडिया' का अस्तित्व संभव होगा। 'इंडिया' के नेताओं, खासकर कांग्रेस आलाकमान, को समझना चाहिए कि 'बाहरी समर्थन' या सरकार में शामिल होने का सवाल 4 जून के बाद ही उठता है। फिलहाल तो देश के मतदाताओं को विश्वास दिलाएं कि प्रधानमंत्री मोदी का वैकल्पिक चेहरा 'इंडिया' के पास कौनसा है? साल भर के लिए प्रधानमंत्री चुनना भारत जैसे विविध और विशाल देश के लिए व्यावहारिक नहीं है। गठबंधन स्वाभाविक होना चाहिए। मत भूलिए कि चुनाव जारी हैं और हरेक हरकत पर देश के मतदाता की नजर है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जैसे सिद्धांजन को नेत्रों में लगाकर साधक, सिद्ध और सुजान पर्वतों, वनों और पृथ्वी के अंदर कौतुक से ही बहुत सी खानें देखते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**गुरु पद रज मृदु मंजुल अंजन। नयन अमिअ दृग दोष बिभंजन॥**
**तेहिं करि बिमल बिबेक बिलोचन। बरनउँ राम चरित भव मोचन॥**

श्री गुरु महाराज के चरणों की रज कोमल और सुंदर नयनामृत अंजन है, जो नेत्रों के दोषों का नाश करने वाला है। उस अंजन से विवेक रूपी नेत्रों को निर्मल करके मैं संसाररूपी बंधन से छुड़ाने वाले श्री रामचरित्र का वर्णन करता हूँ॥

ब्राह्मण-संत वंदना

**बंदउँ प्रथम महीसुर चरना। मोह जनित संसय सब हरना॥**
**सुजन समाज सकल गुन खानी। करउँ प्रनाम सप्रेम सुबानी॥**

पहले पृथ्वी के देवता ब्राह्मणों के चरणों की वन्दना करता हूँ, जो अज्ञान से उत्पन्न सब संदेहों को हरने वाले हैं। फिर सब गुणों की खान संत समाज को प्रेम सहित सुंदर वाणी से प्रणाम करता हूँ॥

**साधु चरित सुभ चरित कपासू। निरस बिसद गुनमय फल जासू॥**
**जो सहि दुख परछिद्र दुरावा। बंदनीय जेहिं जग जस पावा॥**

संतों का चरित्र कपास के चरित्र (जीवन) के समान शुभ है, जिसका फल नीरस, विशद और गुणमय होता है। (कपास की डोडी नीरस होती है, संत चरित्र में भी विषयासक्ति नहीं है, इससे वह भी नीरस है, कपास उज्ज्वल होता है, संत का हृदय भी अज्ञान और पाप रूपी अन्धकार से रहित होता है, इसलिए वह विशद है और कपास में गुण (तंतु) होते हैं, इसी प्रकार संत का चरित्र भी सद्गुणों का भंडार होता है, इसलिए वह गुणमय है।) (जैसे कपास का धागा सुई के किए हुए छेद को अपना तन देकर ढँक देता है, अथवा कपास जैसे लोढ़े जाने, काते जाने और बुने जाने का कष्ट सहकर भी वस्त्र के रूप में परिणत होकर दूसरों के गोपनीय स्थानों को ढँकता है, उसी प्रकार) संत स्वयं दुःख सहकर दूसरों के छिद्रों (दोषों) को ढँकता है, जिसके कारण उसने जगत में वंदनीय यश प्राप्त किया है॥

(क्रमशः...)

# लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार जाते हैं लोग

बात भले ही अजीब लगे पर यह सचाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हो रहे हैं पर भारत, रुस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति का अत्याधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कोड़ी ही सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ ही दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू स्खलन, सुनामी, ग्लेसियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाएं तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है।



हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की माने तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

भारतीय मौसम विभाग की माने तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकॉर्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रेल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड-पौधों के

> **"हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है।**

जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन् उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया और आज दुनिया के देश पालिथीन से मुक्ति चाहने लगे है। इसका कारण भी साफ है लोगों को पोलिथीन से होने वाले नुकसान का पता चलने लगा है।

आज एसी, फ्रीज, ओवन आदि की घर घर उपलब्धता आसान हो गई है। अब ऐसी, फ्रीज या इस तरह के अन्य उत्पाद किस तरह से वातावरण को गर्म कर रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। एक समय थर्मल पॉवर के प्लांट आवश्यकता थी पर आज कोयले की धुंआ के कारण किस तरह से वातावरण दूषित हो रहा है यह समझने लगे हैं। घर में जलने वाले बल्व की बात करें तो सामान्य बल्व से सीएफएल और उसके बाद एलईडी और सोलर का युग आ गया। सवाल कई बार तो ऐसे लगता है जैसे कि मार्केट फोर्सेज भी बहुत कुछ प्रभावित करती है। आज आर ओ का सेचुरेशन आ गया तो इसका उपयोग हानिकारक बताया जाने लगा हैं उसी तरह से जापान में ओवन को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया जाने लगा है। ईंधन के जितने भी साधन है वे सभी वातावरण को दूषित करने में आगे हैं। इसी तरह से सुविधाजनक इलेक्ट्रोनिक उत्पाद वातावरण को बिगाडने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे।

देखा जाए तो प्रकृति के साथ खिलवाड करने का नजीजा सामने आने लगा है। वातावरण दूषित होने के साथ ही कभी सावन बिन बरसात रह जाता है तो कभी अप्रेल मई में भी बरसात के कारण सर्दी से दो चार होना पड़ जाता है। समय आ गया है जब इस समस्या के निराकरण के लिए विशेषज्ञों को खासतौर से ध्यान देना होगा नहीं तो हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जाएंगे। इसे भले ही चेतावनी समझा जाएं या कुछ और पर सब कुछ शीशे की तरह साफ है। अब समय आ गया है कि धरती के बढ़ते तापमान के स्तर को कम करने के उपायों पर गंभीरता से प्रयास किये जाएं।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# चिकित्सा विज्ञान ने काफी तरक्की की है, लेकिन अभी बहुत कुछ करना शेष

आजादी के बाद भारत में चिकित्सा विज्ञान ने बहुत तरक्की की। इंसान का जीवन काफी सरल कर दिया। गंभीर बीमारी का इलाज खोज लिया। दर्द रहित आपरेशन होने लगे। दिल-दिमाग समेत सभी क्षेत्र में तरक्की होने से आदमी बहुत आराम और सुख महसूस कर रहा है, किंतु इतना सब होने के बाद भी अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। मरीज की छोटी-छोटी परेशानी के इलाज के भी उपाए करने होंगे।

चिकित्सा विज्ञान इंसान के जीवन को सरल करने की हर बेहतर कोशिश में लगा है, इस सबके बावजूद अभी बहुत कुछ होना है। हाल में गुजरात में राजकोट के स्टर्लिंग हास्पिटल में मेरे हृदय की बाई-पास सर्जरी हुई। छोटे बेटे के पास यहां आए थे। यहीं तबियत खराब होने का पता चला। इसलिए मुझे यहीं आपरेशन कराना पड़ा। मुझे सवेरे सात बजे आपरेशन थियेटर में ले लिया गया। आपरेशन थियेटर की टेबिल पर मुझे लिटाकर स्टाफ मेरे हाथ टेबिल में बांधता है। यहां तक मुझे याद है। अब तक सिर्फ दो आपरेशन थियेटर सहायक ही मेरे आसपास थे। इसके बाद कब चिकित्सक आ गए। कब आपरेशन हो गया। मुझे कुछ पता नही। दोपहर बाद दो बजे के आसपास मुझे लगा कि रोशनी जली है। मुंह में भी कोई पाइप का चुभा। मैनें आंख खोलीं। एक बड़े हाल में कुछ बैड पर मेरे जैसे मरीज लेटे थे। सामने लगी घड़ी दो बजा रही थी। मेरे मुंह में दिया हुआ पाइप हल्का चुभ रहा था। बोलना चाहा तो लगा कि किसी चीज से मुंह बंद किया हुआ। थकान महसूस हुई। मैंने आंखे बंद कर लीं। ये भी लगा कि सात घंटे बाद होश आया है। कुछ समय बाद लोगों के बोलने की आवाज आई। आंखे खोली तो डाक्टर के साथ मास्क लगाए मेरे बिस्तर के पास मेरी पत्नी खड़ी है। उसके पूछने पर मैने इशारों से कहा कि ठीक हूं। डाक्टर ने मुझे बताया कि आपरेशन बढिया हुआ है। सब ठीक है। चिंता की कोई बात नहीं। डॉक्टर का आभार जताने के लिए मैं हाथ जोड़ना चाहता हूं कि लगता है कि हाथ अभी टेबिल में बंधे हैं। पत्नी मुझे देखकर चली जाती हैं। कुछ देर में स्टाफ मुंह से टेप हटाकर मुंह में दी टयूब निकाल देता है। हाथ भी खोल दिए जाते हैं। अब मैं आराम महसूस कर रहा हूं।

ऑपरेशन कब हो गया पता ही नहीं चला। स्टाफ ने इतना जरूर कहा कि आपके ऑपरेशन में छह घंटे लगे हैं। ऑपरेशन तो दर्द रहित हो गया किंतु परेशानी की कहानी अब शुरू होती है। लगता है कि होंठ सूख रहें हैं। जीभ अकड़ रही है। देखरेख के लिए तैनात स्टाफ नर्स से मैं पीने के लिए पानी मांगता हूं। वह मनाकर देती है। कहती है कि शाम छह बजे चाय दी जाएगी। उसके पच जाने पर थोड़ा-थोड़ा पानी मिलेगा। राउंड पर आए डॉक्टर से मैं होंठ सूखने और जीभ के अकड़ने की बात कहतां हूं। वह कहते हैं कि इसे तो बर्दाश्त करना होगा। किंतु होंठ भिगोने के लिए एक-दो बूंद पी देने के कह जाते हैं। एक महीना इसी में निकल जाता है। मुंह में छाले हो जाने से कुछ खाना संभव नही होता। न खाने से सूखी उलटी होती हैं। दर्द रहित आपरेशन के बाद चिकित्सा विज्ञान को इस एक माह की परेशानी का इलाज भी खोजना होगा।



एक बात और उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर में ऑपरेशन को जाने वाले को ऑपरेशन की जरूरत के लिए खून का प्रबंध खुद करना पड़ता है। मैं इसी को लेकर परेशान था कि हम तो घर से बहुत दूर यहां गुजरात में हैं, हमें खून कौन देगा कौन तीमारदारी करेगा, किंतु अस्पताल में पता भी नहीं चला। आपरेशन के स्टीमेंट में दो बोतल ब्लड का मूल्य जुड़ा देखकर मैं संतुष्ठ हो गया कि अब रक्त का प्रबंध हमें नहीं करना होगा। अस्पताल करेगा।

आपरेशन के बाद और बाद में आईसीयू और अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान स्टाफ का व्यवहार और सेवा कार्य लाजवाब था।

रविवार 12 मई को अंतराष्ट्रीय नर्सेज डे मनाया गया। राष्टीय नर्स सप्ताह प्रत्येक वर्ष छह मई को शुरू होता है और 12 मई को फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन पर समाप्त होता है। फ्लोरेन्स नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिग आन्दोलन का जन्मदाता माना जाता है। दया व सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल द लेडी विद द लैंप (दीपक वाली महिला) के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनका जन्म एक समृद्ध और उच्चवर्गीय ब्रिटिश परिवार में हुआ था। लेकिन उच्च कुल में जन्मी फ्लोरेंस ने सेवा का मार्ग चुना।

आज अस्पताल के स्टाफ और उसके कार्य को देखता हूं तो सभी नर्स में मुझे फ्लोरेंस नाइटिंगेल नजर आती हैं। सेवा करते वह कभी बहिन नजर आती है तो कभी बेटी और कभी मां। ये अलग बात है कि ये पैसे के लिए अस्पताल में कार्य कर रही है किंतु इनका समर्पण कहीं भी फ्लोरेंस नाइटिंगेल से कम मुझे नजर नहीं आया। चिकित्सक भी अपने में लाजवाब हैं। मेरे हृदय का आपरेशन करने वाले डॉ. सर्वेशवर प्रसाद हृदय के प्रतिदिन तीन-चार आपरेशन करते हैं किंतु न उनके चेहरे पर कभी तनाव नजर आता है, थकान। ये ही हालत डॉ. सर्वेशवर प्रसाद के जूनियर्स की भी है। फोन पर डाक्टर और उनके सहायक दिन राज- उपलब्ध हैं। उनके कार्य सेवाभाव और समर्पण को देखकर लगता है कि यह सब ऐसे ही नही है। इसके लिए उनका त्याग और मरीज के लिए सेवाभाव उन्हें प्रसिद्धि दे रहा है।

ऑपरेशन के दूसरे दिन स्टाफ मुझे ही नहीं, हृदय के आपरेशन के सभी मरीज को सहारा देकर बैठाकर देता है। बाद में उसे खड़ाकर धीरे-धीरे हाल में घुमाया जाता है। एक से दो घंटे के लिए कुर्सी पर बैठाया जाता है। कहा जाता है कि आपका आपरेशन हो गया। अब नियमित जीवन शुरू की जीइए। घूमिए।

इतना सब होने के बाद महसूस होता है कि अन्य अस्पतालों की तरह इस अस्पताल में भी लोकल कंपनी की अधिकतर दवाएं मल्टीनेशनल कंपनी से काफी मंहगी है। मेरे आपरेशन के टांकों में पानी आने के कारण मुझे इंट्रावेनस एंटीबाइटिक इंजेक्शन लिखा जाता है। ये इंजेक्शन अस्पताल में मेडिकल स्टोर पर 1100 रूपये के आसपास है, जबकि राजकोट के दवाई के होलसेल मार्केट में यह तीन सौ रूपये का मिल रहा है। होलसेल मार्केट में बस दवाई का बिल नहीं मिलता। सरकार को अस्पताल के मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली दवा पर नियंत्रण करना पडेगा। एक चीज और देखने में आई कि प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड योजना के कार्डधारक अब अस्पताल में निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। लगभग सभी अस्पताल में आपरेशन के लिए आने वालों से रिसेप्शन पर ही पूछा जाता है कि आयुष्मान कार्ड है। कार्ड देने पर मरीज के प्राय-लगभग सभी आपरेशन पूरी तरह निशुल्क हैं। इसमें कोई भेदभाव नही। मरीज हिंदू हो या मुस्लिम बस कार्डधारक होना चाहिए। प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्डधारक की चिकित्सा सरकार ने निशुल्क करके आम आदमी का उपचार बहुत सरल कर दिया। उसका जीवन सरल बना दिया। इस योजना में अभी सुधार की जरूरत है। किसी भी प्राइवेट मेडिक्लेम में आपरेशन के बाद दो महीने का दवा का व्यय भी कंपनी की ओर से देय है, जबकि आयुष्मान योजना में अस्पताल की ओर से मात्र दस दिन की दवा देने का प्रबंध है, जबकि काफी मरीजों का उपचार लंबा चलता है। देखने में आया है कि कुछ अस्पताल आपरेशन के बाद की दस दिन की दवा भी मरीज को नही देते। इसलिए इस योजना में अभी बहुत सुधार की जरूरत है।

**-अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## राशिफल

**वैशाख शुक्ल पक्ष : चतुर्दशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आनंददायक जीवन गुजरेगा। पति-पत्नी का साथ होगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दें।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। थोड़ा स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करेंगे। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय रहेगा। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान थोड़ा मध्यम रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम-संतान और व्यापार थोड़ा मध्यम चल रहा है। गृह-कला से बचें।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यापारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपनों का साथ होगा। किया गया प्रयास सफलतादायक होगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन आगमन होगा। कुटुम्बों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जिस चीज की जरूरत होगी, उसकी उपलब्धता रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम-संतान का साथ और व्यापार बहुत अच्छा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मन चिंतित रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेगा। पुराने स्त्रोत से भी पैसे आएंगे।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा है और व्यापार अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य, प्रेम और व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम,प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार मध्यम है।

# सड़क पर बसें खड़ी करने पर 27 स्कूलों को प्राधिकरण ने भेजा नोटिस



**नोएडा (चेतना मंच)।** ट्रैफिक सेल के एक अधिकारी ने बताया कि स्कूलों और निजी बस संचालकों को सड़कों पर बसें खड़ा न करने के नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है।

अब तक करीब 27 स्कूलों को नोटिस जारी किया जा चुका है कि वे अपनी बसों को स्कूल परिसर के अंदर ही खड़ा करें। यदि स्कूल इस आदेश का पालन नहीं करते हैं तो धारा 10 के तहत नोटिस जारी किया जाएगा, जिसमें स्कूल के भूखंड के आवंटन को निरस्त करने तक का प्रावधान है। सभी स्कूल और निजी बसों को सेक्टर-69 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में ही खड़ा किया जाए।

जिन स्कूलों को प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया है उनमें ऑल इंडिया मेरीगोल्ड चाइल्ड, खेतान पब्लिक स्कूल, द मिलेनियम स्कूल, नवोदय विद्यालय समिति, कोठारी पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, लोटस वैली, स्टेप बाई स्टेप, एनएस पब्लिक स्कूल, बाल भारती स्कूल, सिटी पब्लिक स्कूल, सफायर इंटरनेशनल स्कूल, ग्लोबल इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, एसिस कॉन्वेंट एजुकेशनल सोसाइटी, समर विला स्कूल, एपीजे स्कूल, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, माता भगवती देवी चड्डा चैरिटेबल ट्रस्ट, केंब्रिज पब्लिक स्कूल जूनियर, जेनेसिस ग्लोबल स्कूलमोहन इंटरनेशनल स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, फादर एंगल स्कूल, लोटस वैली एजुकेशन सोसाइटी, राघव ग्लोबल स्कूल, जेबीएम ग्लोबल स्कूल, केएससी एजुकेशन सोसाइटी।

# 'टिकाऊ इमारतों' पर एमिटी में लगी प्रदर्शनी



**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ आॅकिटेक्चर एंड प्लानिंग द्वारा वार्षिक प्रदर्शनी "रेक ए+पी" का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ आॅकिटेक्चर एंड प्लानिंग के डीन डा डी पी सिंह द्वारा किया गया।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने छात्रों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि एमिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग (एएसएपी) एक अग्रणी संस्थान बन गया है जो निर्मित पर्यावरण क्षेत्र में गुणवत्ता संकेतकों को बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ आर्किटेक्चर और प्लानिंग शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज, टिकाऊ इमारतों और बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है और इस प्रदर्शनी के माध्यम से, छात्रों को अपनी महत्वपूर्ण सोच और वास्तुशिल्प कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा जो उन्होंने संस्थान में अपने कार्यकाल के दौरान विकसित किया है।

एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ आॅकिटेक्चर एंड प्लानिंग के डीन डा डी पी सिंह ने कहा कि यह वार्षिक प्रदर्शनी कार्यक्रम स्नातक छात्रों के समर्पण और उपलब्धियों का उत्सव है। प्रदर्शनी छात्रों की शैक्षणिक यात्रा और उनकी नवीन डिजाइन परियोजनाओं की परिणति को प्रदर्शित करेगी।

दो दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान, छात्रों ने मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों, विश्वविद्यालयों, संस्थानों, वेलनेस रिसॉर्ट्स, कला और सांस्कृतिक परिसर सहित अन्य परियोजनाओं के मॉडल प्रदर्शित किए और जूरी सदस्यों में प्रसिद्ध आर्किटेक्ट प्रदीप खरबंदा, सुश्री दीपाली गोयल विभोर मुकुल सिंह, गौरव चौहान, अतुल गुप्ता और श्री निखिल सहगल शामिल हुए।

# सेक्टर-1 व 2 में अवैध रूप से चल रही हैं मीट व मुर्गा की दुकानें, डीजीएम से शिकायत



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-2 के वेडिंग जोन में खुलेआम मीट तथा चिकन की दुकान चल रही है। यहां शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। यहां पर खुली अवैध दुकानों पर लोग शाम ढ़लते ही शराब पीते हैं तथा मीट खाते हैं। शराबियों के जमावड़े के कारण रात में यहां पर लोगों का खासकर महिलाओं का निकलना बड़ा मुश्किल हो जाता है।

इसी तरह सेक्टर-1 स्थित कार पार्किंग के पास भी ऐसे तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। सेक्टर-2 के वेंडिंग जोन में संबंधित जूनियर इंजीनियर तथा सुपरवाइजर की मिली भगत से खुलेआम मीट तथा चिकन की दुकानें फल-फूल रही हैं। आसपास के कई लोगों ने इसकी शिकायत भी की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष तथा दर्जा प्राप्त केंद्रीय मंत्री डॉ लोकेश प्रजापति के नोएडा कैंप कार्यालय प्रभारी जयप्रकाश प्रजापति दे इसकी शिकायत नोएडा प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल से लिखित में की है। शिकायत पर उन्होंने संबंधित जूनियर इंजीनियर व सुपरवाइजर की सांठगांठ से चल रहे अवैध मीट तथा चिकन की दुकानों को तत्काल बंद करने तथा दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की बात कही है।

मालूम हो कि यह इलाका वर्क सर्कल-1 के प्रभारी डोली लाल वर्मा के क्षेत्र में आता है। कुछ कर्मचारियों को बताया कि इस वर्क सर्कल के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से खुलेआम वोंडिंग जोन में शराब तथा कबाब का धंधा चल रहा है। स्थानीय गोल चक्कर चौकी पुलिस भी इसमें मिली हुई है तथा दुकानदारों से हफ्ता वसूली करती है।

# सेक्टर बीटा वन व टू में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे ओएसडी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार बीटा वन व टू की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे।

सेक्टर बीटा-2 के निवासियों ने बताया कि गारबेज कलेक्शन के लिए वाहन प्रतिदिन नहीं आ रहा, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ओएसडी ने कॉन्ट्रैक्टर मैसर्स ब्लू प्लेनेट इनवायर्नमेंटल सोल्यूषंस को रोस्टर बनाकर नियमित गारबेज उठवाने के निर्देश दिए। इसी सेक्टर के गेट नंबर-5 के पास आई ब्लॉक में गंदगी दिखी। निवासियों ने बताया कि सफाईकर्मी नियमित रूप से नहीं आते। इस पर ओएसडी ने दोबारा शिकायत मिलने पर कॉन्ट्रैक्टर मैसर्स साईनाथ सेल्स एवं सर्विसेज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। वहीं, ओएसडी के औचक निरीक्षण का असर भी दिखने लगा है।

सेक्टर बीटा-1 में निवासियों ने सफाई व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया। ओएसडी संतोष कुमार ने कहा है कि शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण का अभियान आगे भी जारी रहेगा।



## पृष्ठ एक के शेष....

**सेक्टर-51 के पार्क...**
ने सूचना मिलने से इनकार किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक एनजीओ टीम ने कहा कि पार्क में हम सांप नहीं पकड़ने जाते हैं। जब तक पहुंचते है सांप इधर-उधर छिप जाता है। टीम को खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है।

आरडब्ल्यूए महासचिव संजीव कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह करीब पांच बजे लोग पार्क में टहलने गए तो फव्वारे के पास सांप दिखाई दिया। सांप देखकर बच्चे और बड़े सभी घबरा गए। सांप निकलने को लेकर पार्क में टहलने पहुंचे लोग डरे रहे। कुछ लोगों ने सांप को पकड़वाने के लिए वन विभाग व उद्यान विभाग के अधिकारियों को सूचना दी।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**भीषण गर्मी की मार...**
मंगलवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान हरियाणा के सिरसा में 47.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद दिल्ली के नजफगढ़ में 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**एक दर्जन बकायेदार...**
इन 20 बिल्डरों से नोएडा प्राधिकरण को लगभग रुपए 450 करोड़ मिलेगा। 4 बिल्डरों द्वारा कुल 25 प्रतिशत धनराशि 83.47 करोड़ में आंशिक धनराशि 53.68 करोड़ जमा कराई। 18 ऐसे बिल्डर है जिन्होंने 25 प्रतिशत धनराशि जमा कराने के लिए सहमति दी है। जिन बिल्डरो ने 25 प्रतिशत रकम दी उनसे कुल 1604 रजिस्ट्री होंगी। प्राधिकरण ने 01 मार्च, 29 अप्रैल और 08 मई को अलग अलग स्थानों पर कैंप लगाकर 530 रजिस्ट्रियां कराई।

**जिला अस्पताल में आग...**
कोतवाली की टीम पहुंचने लगे

मामले की सूचना सिटी मजिस्ट्रेट के अलावा, सीडीओ और डीएम को दी गई। गनीमत रही कि जिस जगह पर घटना हुई वहां कोई मरीज मौजूद नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने के दौरान एक तरफ की लिफ्ट बंद कर दी गई। वहीं दूसरे तरफ की लिफ्ट से मरीजों को उपरी तल पर शिफ्ट किया गया, लेकिन आग बुझने के बाद मरीजों को दोबारा से संबंधित वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

सीएफओ प्रदीप चौबे का कहना है कि सेक्टर-39 क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी अस्पताल के बेसमेंट में रखें यूपीएस बैटरी में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कारवाई करते हुऐ फायर सर्विस की आठ गाड़ियां मौके पर रवाना हुई। आग को फायर कर्मचारियों द्वारा एक्सटिंग्विशर की मदद से पूर्ण रूप से बुझा दिया गया।

उक्त हास्पिटल में प्रथम तल पर बने आपातकाल एवं आइसीयू में भर्ती 25 मरीजों को सकुशल हास्पिटल के दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया।

**अमेरिकी फोन नम्बर...**
से विभिन्न बार में उनके खाते से एक लाख रुपए निकाल लिया हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि एटीएम मशीन के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से बदमाशों की तलाश की जा रही है।

**विपक्ष में औरंगजेब की...**
कहते हैं आपकी संपत्ति का सर्वे कराएंगे। आपकी संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने को कहते हैं। आपकी संपत्ति घुसपैठियों को बांट देंगे। वरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। औरंगजेब ने भाई की हत्या, पिता को जेल में डाला था। कोई मुस्लिम भी अपने बच्चे का नाम औरंगजेब नहीं रखता। विपक्ष में औरंगजेब की आत्मा घुस गई।




## खास खबर

### स्कूल टीचर जो बन गई 300 करोड़ की कंपनी की मालकिन



नई दिल्ली, एजेंसी। सफलता की कुछ कहानियां दिल को छू लेने वाली होती हैं। वे हमें यह भरोसा दिलाती हैं कि सब कुछ संभव है। ऐसी ही एक कहानी प्रेरणा झुनझुनवाला की है। वह भारतीय उद्यमी हैं, जो सिंगापुर में एक प्रीस्कूल की मालकिन हैं। वह कभी स्कूल टीचर थीं। प्रेरणा ने सिंगापुर में लिटिल पैडिंगटन नाम से प्रीस्कूल की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने क्रिएटिव गैलीलियो नाम से एक एजुकेशन स्टार्टअप शुरू किया। यह स्टार्टअप 3 से 10 साल की उम्र के बच्चों को शिक्षा देने पर फोकस करता है। क्रिएटिव गैलीलियो जरिये बच्चों को किताबों से इतर ऐक्टिविटीज और अनुभवों के जरिये सीखने का अवसर दिया जाता है। प्रेरणा झुनझुनवाला ने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से साइंस में ग्रेजुएशन किया है। उनकी कंपनी ने टूंडेमी और लिटिल सिंघम नाम के दो एप्लिकेशन लॉन्च किए हैं। इन एप्लिकेशन को 1 करोड़ से ज्यादा डाउनलोड मिले हैं। यह बच्चों के लिए एकमात्र लर्निंग ऐप था, जो भारत के प्ले स्टोर पर टॉप 20 ऐप में शामिल हुआ।

### घाटे में कंपनी, मैनेजमेंट में बड़े इस्तीफे, निवेशकों में हड़कंप

नई दिल्ली, एजेंसी। डेल्हीवरी लिमिटेड के शेयर आज मंगलवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। कंपनी के शेयर 12 प्रतिशत से अधिक टूट गए। शेयरों में इस गिरावट के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, मार्च 2024 (क्यू4एफवाय24) को समाप्त चौथी तिमाही में लॉजिस्टिक्स कंपनी को बड़ा घाटा हुआ है। इसके अलावा, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ बिजनेस ऑफिसर के इस्तीफे से भी स्टॉक को झटका लगा। हालांकि, ब्रोकरेज फर्म इस शेयर को लेकर पॉजिटिव है और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। डेल्हीवेरी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में 68.5 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 159 करोड़ रुपये के घाटे से साल-दर-साल आधार पर 57 प्रतिशत कम है। हालांकि, लॉजिस्टिक्स कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 11.7 करोड़ रुपये का जबरदस्त मुनाफा कमाया था। यह 2021 के बाद कंपनी ने पहली बार इतना मुनाफा कमाया था। जनवरी-मार्च 2024 की अवधि में परिचालन से राजस्व 12 प्रतिशत बढ़कर 2,076 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 1,860 करोड़ रुपये था।

### फराह खान द्वारा अनिल कपूर को दिया गया निकनेम जानकर आप हैरान रह जायेंगे!

मुंबई, एजेंसी। अगर अभी तक आपका नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर पिछले हफ़्ते सुपर स्टार सिंगर एड शीरन के एपिसोड का ख़ुमार नहीं उतरा है, तो तैयार हो जाईये ओजी बॉलीवुड ट्रेंडसेटर्स फ़राह ख़ान और अनिल कपूर से मिलने के लिए, जिनकी दोस्ती एक ज़माने से चली आ रही है।13-एपिसोड की सीरीज़ के इस 9वें एपिसोड में आप फ़राह का साफ दिल और अनिल कपूर के आकर्षक व्यक्तित्व को जान पायेंगे। लेकिन ज़रा रुकिए...क्या हमने फ़राह को अनिल को पापा जी कहते हुए सुना हैं? कपिल के पूछने पर फ़राह ख़ान ने खुलासा किया कि अनिल का यह निकनेम कैसे शुरू हुआ था। फ़राह बताती हैं, ;इसका मतलब कोई पिता वाले पापा जी नहीं है। जब हम ×स39;1942 ए लव स्टोरी फ़िल्म पर काम कर रहे थे, (विधु) विनोद चोपड़ा जी हमारे साथ में थे। जब भी वो कुछ करते, हम (फराह और अनिल) उनकी तारीफ़ करते थे, ×स39;पापाजी यू आर ग्रेट या पाप्पा जी यू आर पोप्पो फिर पाप्पा जी हमारा कोडवर्ड बन गया।

# बैंकों को पहली बार तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक लाभ
# इस साल आईटी कंपनियों के तुलना में तिगुना मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। बैलेंसशीट में सुधार के दम पर देश के बैंकिंग क्षेत्र ने पहली बार तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा कमाया है। सरकारी और निजी बैंकों का लाभ सालाना आधार पर 40.90 फीसदी बढ़कर 2023-24 में 3.1 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। 2022-23 में यह 2.2 लाख करोड़ रुपये रहा था। खास बात है कि बीते वित्त वर्ष में बैंकों ने आईटी कंपनियों से ज्यादा मुनाफा कमाया है। तीन लाख करोड़ रुपये का यह आंकड़ा मोटे तौर पर बीते वित्त वर्ष की शुरुआती तीन तिमाहियों के दौरान सभी सूचीबद्ध कंपनियों के मुनाफे के बराबर है। 2023-24 में सूचीबद्ध आईटी सेवा कंपनियों का शुद्ध लाभ करीब 1.1 लाख करोड़ रुपये रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, कुल मुनाफे में सरकारी बैंकों (पीएसबी) की हिस्सेदारी 45.80 फीसदी यानी 1.42 लाख करोड़ रही।






यह 2022-23 की तुलना में 34 फीसदी अधिक है। निजी बैंकों का मुनाफा 42 फीसदी बढ़कर 1.7 लाख करोड़ पहुंच गया, जो कुल मुनाफे का 54.83 फीसदी है।

#### 2018 में घाटे में थे सरकारी बैंक

आंकड़ों के मुताबिक, 2017- 18 में सरकारी बैंक 85,390 करोड़ रुपये घाटे में थे। 2023-24 में कुल 12 सरकारी बैंकों ने रिकॉर्ड मुनाफा कमाया है। जिन बैंकों के मुनाफे में 50 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी देखने को मिली है, उनमें बैंक

#### पहले गरीबों के लिए बंद थे बैंकों के दरवाजे

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि और बैंकिंग की लंबी यात्रा पर कहा, बैंकिंग क्षेत्र ने 10 वर्षों में अच्छा प्रदर्शन किया है। यूपीए के समय फोन बैंकिंग के कारण बैंक घाटे और एनपीए से जूझ रहे थे। गरीबों के लिए बैंकों के दरवाजे बंद थे।

निजी बैंकों के साथ अंतर घटा रहे पीएसबी हाल के वर्षों में पीएसबी अपनी बैलेंसशीट में सुधार कर और कमाई बढ़ाकर निजी बैंकों के साथ लाभ के अंतर को कम कर रहे हैं। तीन वर्षों में सरकारी बैंकों का शुद्ध लाभ चार गुना से ज्यादा बढ़ा है। कई बैंकों ने पेंशन के लिए एकमुश्त प्रावधान नहीं किया होता तो पीएसबी और ज्यादा लाभ कमाते।

## सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए शानदार वित्तीय नतीजे घोषित किए

#### शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 115 प्रतिशत बढ़ा

जम्मू , एजेंसी। डोमेस्टिक और इंटरनेशनल बाज़ारों में ब्रांडेड और अन-ब्रांडेड बासमती और नॉन -बासमती राइस की मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेडिंग, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग के व्यवसाय में लगी सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (बीएसईः 543688, एनएसई) ने घोषणा की है 16 मई, 2024 को आयोजित बोर्ड मीटिंग में 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और पूरे वर्ष के लिए इसके ऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स घोषित कर दिए हैं। 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए ऑपरेशनल रेवेन्यू 247.32 करोड़ रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) के मुकाबले 129.81 करोड़ रुपये (फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही) 91 प्रतिशत की सालाना वृद्धि में प्राप्त हुए। इस प्रभावशाली वृद्धि का श्रेय मुख्य रूप से भारत सरकार की भारत चावल योजना के माध्यम से अधिक मात्रा में चावल की आपूर्ति और विस्तारित ग्राहक आधार को दिया जाता है। तिमाही के लिए एबिटा 14.20 करोड़ रुपये था, जिसमें सालाना 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही का लाभ 4.14 करोड़ रुपये था, जिसमें सालाना 129 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 31 मार्च, 2024 को समाप्त पूरे वर्ष के लिए,ऑपरेशनल रेवेन्यू फाइनेंशियल ईयर 24 में 869.59 करोड़ रुपये के मुकाबले फाइनेंशियल ईयर 23 में 689.32 करोड़ रुपये, सालाना 26 प्रतिशत की वृद्धि में प्राप्त हुए। यह वृद्धि बी2बी ग्राहकों को उत्पादों की आपूर्ति में वृद्धि से प्रेरित थी। फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए एबिटा में 55.79 करोड़ रुपये, अर्थात सालाना 72 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, यह मुख्य रूप से नए जियोग्राफिक्स और वस्तुओं में उच्च बिक्री और विस्तार के कारण था।

## फिक्की ने महिला उद्यमियों को सशक्त करन सिलीगुड़ी चैप्टर लांच किया

नई दिल्ली/सिलीगुड़ी, एजेंसी। भारत के शीर्ष कारोबारी चैंबर फिक्की की महिला शाखा फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में अपना 20वां चैप्टर लांच किया। सिलीगुड़ी चैप्टर की लांचिंग से पूरे भारत में महिला उद्यमियों और पेशेवरों को सशक्त करने के एफएलओ के मिशन को मजबूती मिलेगी और पूर्वोत्तर क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि एवं विकास को गति मिलेगी। एफएलओ ने पूर्वोत्तर भारत के एक द्वार के तौर पर सिलीगुड़ी के रणनीतिक स्थान और इसकी तेज आर्थिक वृद्धि की वजह से इसे चुना है। सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में एफएलओ का दूसरा चैप्टर है। इस शहर का गतिशील कारोबारी वातावरण और यहां की महिला उद्यमियों की ओर से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने इसे विस्तार के लिए एक स्वभाविक पसंद बनाया। सिलीगुड़ी में कोर्टयार्ड मैरियट में शनिवार 18 मई, 2024 को एक शानदार लांचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राज्यसभा सांसद और तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री सुष्मिता देव मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में सिलीगुड़ी नगर निगम की आयुक्त सुश्री शेरिंग वाई भूटिया और अंतरराष्ट्रीय साड़ी ड्रेप आर्टिस्ट सुश्री डॉली जैन शामिल रहीं। अन्य प्रमुख हस्तियों में एफएलओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री जॉयश्री दास वर्मा, एफएलओ सिलीगुड़ी की नामित चेयरपर्सन सुश्री निहारिका मित्रुका और एफएलओ की पूर्व अध्यक्ष सुश्री विनिता बिमभेट, सुश्री जयंती डालमिया और एफएलओ के राष्ट्रीय संचालन निकाय के अन्य सदस्य शामिल रहे। राज्यसभा सांसद और तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री सुष्मिता देव ने कहा, महिलाओं का सशक्तिकरण संख्या से परे है। बिना अधिकार और निर्णय क्षमताओं के उनकी भूमिका महज सजावटी रहती है। सही मायने में समानता का अर्थ है समान अधिकारों तक पहुंच। नेटवर्किंग इस सशक्तिकरण प्रक्रिया में एक अहम भूमिका निभाती है। फिक्की और एफएलओ जैसे संगठन इन महत्वपूर्ण नेटवर्कों के निर्माण और सुगम बनाने में महत्वपूर्ण हैं।




## अजूनी बायोटेक लिमिटेड के 43.81 करोड़ रुपए का राइट्स इश्यू खुलेगा

#### कंपनी का टर्नओवर वित्त वर्ष 2026-27 में 250-270 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है और कंपनी का शुद्ध लाभ मार्जिन 5 प्रतिशत रहने का अनुमान है

अहमदाबाद , एजेंसी। अग्रणी प्योर वेज पशु स्वास्थ्य देखभाल कंपनी अजूनी बायोटेक लिमिटेड अपना 43.81 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू खोलने जा रही है। इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं एवं कॉर्पोरेट उद्देश्यों का आंशिक वित्तपोषण,भूमि अधिग्रहण, साइट विकास और सिविल कार्य, संयंत्र और मशीनरी के अधिग्रहण के लिए किया जाएगा। राइट्स इश्यू में शेयरों की कीमत 5 रुपए प्रति शेयर निर्धारित की गई है जो की 18 मई 2024 को बंद शेयर मूल्य पर 20 प्रतिशत से अधिक की छूट पर आधारित है । राइट्स इश्यू 31 मई, 2024 को बंद होगा। कंपनी प्रमोटर समूह भी राइट्स इश्यू में भाग ले रहा है।

कंपनी इस राइट्स इश्यू में रुपये 5 प्रति इक्विटी शेयर के कुल 8,76,13,721 इक्विटी शेयर जारी कर 43.81 करोड़ रुपए हासिल करेगी। प्रस्तावित इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1:1 पर तय किया गया है (रिकॉर्ड तिथि - 7 मई, 2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 इक्विटी शेयर के लिए 2 रुपये के अंकित मूल्य का 1 इक्विटी शेयर)। ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 27 मई, 2024 है।



कंपनी जी.टी. रोड, खन्ना, पंजाब में (उनके मौजूदा संयंत्र के निकट) 87,000 वर्ग फुट का नया प्लांट पर 16.50 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्थापित करने की योजना बना रही है। । नई इकाई 3 प्रतिशत ब्याज छूट, भारत सरकार द्वारा 50 लाख की कैपिटल सब्सिडी, 100 प्रतिशत जीएसटी और 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति सहित कई अन्य लाभ प्राप्त होंगे ।

कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 में 250-270 करोड़ का टर्नओवर रुपये के दायरे में रहने का अनुमान है और शुद्ध लाभ मार्जिन टर्नओवर का 5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

कंपनी रुपये के निवेश से एक नया प्लांट स्थापित करने की योजना बना रही है। जी.टी.खन्ना, पंजाब में सड़क पर 16.50 करोड़ (उनके मौजूदा संयंत्र के निकट) 87,000 वर्ग फुट में फैली हुई है। नई इकाई 3 प्रतिशत ब्याज छूट, रुपये की पूंजी सब्सिडी सहित प्रोत्साहन की हकदार होगी। भारत सरकार द्वारा 50 लाख की पेशकश, 100 प्रतिशत जीएसटी और 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति सहित कई अन्य फायदे मिलेंगे।

अजूनी बायोटेक लिमिटेड के प्रबंधन के कहा कि हम उच्च गुणवत्ता वाले, शुद्ध शाकाहारी पशु आहार और शुद्ध शाकाहारी सप्लीमेंट्स पेश करने में विशेषज्ञ हैं जो मवेशियों की आहार संबंधी जरूरतों को पूरा करते हैं। हमारे उत्पाद स्वस्थ विकास को बढ़ावा देने, प्रजनन क्षमता में सुधार करने और समग्र पशु स्वास्थ्य और कल्याण कल्याण को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। पशु स्वास्थ्य और कल्याण पर अपने ध्यान के साथ, हम किसानों को उनके मवेशियों के लिए सर्वोत्तम संभव समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अब बी2सी बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, जो हमारे व्यवसाय के दायरे में एक महत्वपूर्ण विस्तार की अनुमति देगा। हम सीधे व्यक्तिगत उपभोक्ताओं तक पहुंचेंगे, उन्हें उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेंगे, इससे कंपनी की टॉप लाइन और बॉटम लाइन में भी सुधार होगा। हम नए डीलरों की नियुक्ति की प्रक्रिया में हैं और पहले महीने में 100 से अधिक डीलर होंगे। कंपनी द्वारा स्वयं को पैन इंडिया आधार पर पहले ही नियुक्त किया जा चुका है। इश्यू से होने वाली आय कंपनी की बैलेंस शीट को और मजबूत करेगी और कंपनी की विस्तार योजनाओं और रणनीतिक विकास पहलों को वित्तपोषित करने में मदद करेगी।

### आईआईएम संबलपुर आई-हब फाउंडेशन ने अपने इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर प्रोग्राम में देशभर से महत्वाकांक्षी स्टार्टअप और उद्यमियों को आमंत्रित किया



संबलपुर , एजेंसी। आईआईएम संबलपुर आई-हब फाउंडेशन ने अपने प्रतिष्ठित इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर प्रोग्राम (2024-25) में भाग लेने के लिए देशभर से इच्छुक स्टार्टअप और उद्यमियों को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम को शुरुआती चरण के स्टार्टअप, वेंचर्स और चेंजमेकर्स के लिए लॉन्चपैड के रूप में कार्य करने के लिहाज से डिज़ाइन किया गया है। यह प्रोग्राम फाइनेंशियल सस्टेनेबिलिटी को हासिल करने के साथ-साथ महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने पर केंद्रित है। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसी दायित्वपूर्ण व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देना भी है, जो अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ भविष्य में योगदान कर सकें।

आईआईएम संबलपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर महादेव जायसवाल ने बताया, ''आई-हब फाउंडेशन में हम एक ऐसा डायनेमिक ईको सिस्टम विकसित कर रहे हैं, जो इनोवेटिव किस्म के स्टार्टअप को बढ़ावा दे सके। इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर प्रोग्राम इन स्टार्टअप को कारोबारी दुनिया में आगे बढ़ने और कामयाबी हासिल करने के लिए पूरी तरह सपोर्ट करता है और इन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करता है, ताकि वे अर्थव्यवस्था में स्थायी योगदान दे सकें। आई-हब फाउंडेशन के प्रमुख क्षेत्रों में टैक्सटाइल, कृषि, रक्षा, आपदा प्रबंधन, वित्तीय और डिजिटल समावेशिता और महिला और समावेशी उद्यमिता के साथ-साथ कला और ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप भी शामिल है। इन प्रमुख क्षेत्रों पर गहरा ध्यान केंद्रित करते हुए, फाउंडेशन का लक्ष्य इनोवेशन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है।'' प्रो. जायसवाल ने आगे कहा, ''उद्योग और शैक्षणिक दुनिया के साथ-साथ वैल्यू चैन हितधारकों के साथ भी आई-हब फाउंडेशन का एक व्यापक नेटवर्क है और इसने कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस तरह आई-हब स्टार्टअप्स को व्यापक सपोर्ट प्रदान करने में पूरी तरह सक्षम है।''

## मित्सु केम प्लास्ट ने वित्त वर्ष 24 में 9 करोड के कर बाद लाभ की रिपोर्ट दी

मुंबई , एजेंसी। मित्सुकेम प्लास्ट लिमिटेड (मित्सु) (बीएसई : 540078) ब्लो मोल्डिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग और कस्टमाइज्ड मोल्डिंग की एक सबसे बड़ी निर्माता, कंपनी ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड के चेयरमैन श्री जगदीश डेढ़िया ने कहा, मैं सहर्ष वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 2024 की घोषणा करता हूं. मित्सु ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और हमारा फोकस परिचालन कुशलता बढ़ाने, हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करने और हमारी बाजार उपस्थिति मजबूत करने पर बना हुआ है. हमें इस तिमाही के दौरान हमारे हाल के राइट इश्यू को उत्कृष्ट प्रतिसाद प्राप्त हुआ है. हम हमारे प्रति दर्शाए गए ट्रस्ट और विश्वास की हार्दिक सराहना करते हैं. यह उपलब्धि उत्कृष्टता , इनोवेशन और टिकाऊ प्रगति के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है. हम आगे के सुअवसरों के लिए उत्सुकतापूर्वक उम्मीद व्यक्त करते हैं और हमारी बाजार स्थिति मजबूत करने के लिए इन संसाधनों का विवेकपूर्वक इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं।

## लैंक्सेस को वर्ष 2024 में आय में 10 से 20 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद

मुंबई, एजेंसी। रसायन उद्योग के कमजोर वैश्विक आर्थिक माहौल से पहली तिमाही के नतीजों के प्रभावित होने के बावजूद विशेष रसायन कंपनी लैंक्सेस को चालू वित्त वर्ष में आय में 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

पहली तिमाही में, बिक्री में 15.4 प्रतिशत की गिरावट आई और यह पिछले वर्ष की अपेक्षाकृत मजबूत तिमाही के 1.899 बिलियन यूरो की तुलना में 1.607 बिलियन यूरो तक पहुंच गई। एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) 101 यूरो मिलियन रहा, जो पिछले वर्ष के 189 मिलियन यूरो के आंकड़े से 46.6 प्रतिशत कम है। आय में गिरावट का मुख्य कारण कम बिक्री मूल्य और कई ग्राहक उद्योगों में लगातार कमजोर मांग रही। बिक्री की मात्रा में वृद्धि की वजह से 2023 की चौथी तिमाही की तुलना में, थोड़ी बढ़ोतरी के संकेत हैं। पिछली तिमाही की तुलना में, बिक्री 11.9 प्रतिशत बढ़कर 1.436 बिलियन से 1.607 बिलियन यूरो हो गई, वहीं एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) 2023 की चौथी तिमाही में 97 मिलियन की तुलना में 4.1 प्रतिशत बढ़कर 101 मिलियन यूरो हो गई। एडवांस्ड इंटरमीडिएट्स (+54) त्न) और स्पेशलिटी एडिटिव्स (+17त्न) सेगमेंट में एबिटा (असाधारण पूर्व स्थिति) में विशेष रूप से मजबूत वृद्धि रही।लैंक्सेस एजी के सीईओ मैथिएस जैशर्ट ने कहा, ऐसा लगता है कि हम रसायन उद्योग में निचले आर्थिक छू चुके हैं।

साथ ही, शुरुआती संरचनागत बचत के साथ हमारा फॉरवर्ड! एक्शन प्लान सकारात्मक प्रभाव पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि दूसरी तिमाही में सकारात्मक रुझान जारी रहेगा और हमें 2023 की तुलना में पूरे वर्ष के लिए बेहतर नतीजे मिलेंगे। हालांकि, सब कुछ बेहतर होगा, यह कहना जल्दबाजी होगी। वैश्विक मांग अभी तक सामान्य स्तर पर नहीं लौटी है और इसलिए 2024 निश्चित रूप से रासायनिक उद्योग के लिए एक तनावपूर्ण वर्ष साबित होने जा रहा है। कई अनिश्चितताओं से भरे आर्थिक माहौल के बावजूद, लैंक्सेस को बचे हुए वर्ष में मांग में मामूली बढ़ोतरी की उम्मीद है। समूह को अपने फॉरवर्ड! एक्शन प्लान में संरचनात्मक उपायों की वजह से उच्च क्षमता उपयोग और बेहतर लागत आधार की भी उम्मीद है! वर्ष 2024 के लिए, समूह पिछले वर्ष के 512 मिलियन यूरो के आंकड़े की तुलना में एबिटा (पूर्व असाधारण स्थिति) में 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। लैंक्सेस को उम्मीद है कि 2024 की दूसरी और तीसरी तिमाही के लिए एबिटा में क्रमिक वृद्धि होगी और सामान्य मौसमी पैटर्न के कारण चौथी तिमाही में अधिक धीमी वृद्धि होगी। उपभोक्ता संरक्षण खंड में 2024 की पहली तिमाही में 509 मिलियन यूरो की बिक्री हुई, जो

## न्यू कुरावर सिटी की लॉचिंग

कुरावर, एजेंसी। कुरावर न्यू कुरावर सिटी बी.के.गुप्ता व गौरव सोनी का ड्रीम होम का सपना हैं,जो अब सच होने जा रहा हैं। न्यू कुरावर सिटी की लॉचिंग के दिन से ही अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा हैं। न्यू कुरावर सिटी नेशनल हाईवे 46, वार्ड नं. 4, लसूडल्या रामनाथ कुरावर में 20 एकड़ भूमि पर स्थित हैं। यह जयपुर,जबलपुर नेशनल हाईवे मेन रोड़ पर हैं। न्यू कुरावर सिटी में बुकिंग पर रजिस्ट्री शुल्क पर छूट के साथ अनेक आकर्षक उपहार भी दिये जा रहे हैं। बी.के.गुप्ता व गौरव सोनी ने बताया कि न्यू कुरावर सिटी में सर्व सुविधायुक्त कवर्ड केम्पस, आकर्षक दो प्रवेष द्वार,व बस स्टेण्ड से कुछ मिनिट की दूरी पर निर्मिम हैं। इससे सभी विभागों से मान्यता प्राप्त हैं। विकास कार्य 80 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका हैं। सभी प्लॉटस् वास्तु अनुरूप,केम्पस में ही स्कूल एवं शॉपिंग काम्पलेक्स,चौड़ी सीसी सड़क सघन वृक्षारोपण,बच्चे के लिए झूले,सेल्फी पाईंट,गजेबी (बैठक) सुव्यवस्थित डेअनेज लाईन,सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट,सुव्यवस्थित वाटर लाईन, संपवेल,ओवरहेड टेंक,कुँए,बोरिंग,प्रोजेक्ट के चारों ओर मजबूत बाउंड्रीवाल,भव्य मंदिर एवं सूसज्जित गौशाला है। न्यू कुरावर सिटी में खूबसूरत पार्क,पाथवे,चिल्ड्रन प्लेइंग जोन,बेडमिंटन जोन जॉगिग ट्रक,सीसीटीवी सहित बैंक द्वारा फाईनेंस सुविधा उपलब्ध हैं।

## क्लीन एंड क्लियर ने नई डिजिटल फिल्म लॉन्च की

मुंबई, एजेंसी। हम क्लियर स्किन की इम्पोर्टेंस को समझते है जब आपकी स्किन सुंदर होती है तब आपको आत्मविश्वास महसूस होता है। लेकिन पिंपल होते ही टीनेज का सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है जो खुशी में बाधा डालकर उनकी सभी योजनाओं को रद्द करा देता है। भारत का अग्रणी टीन स्किनकेयर ब्रैंड, क्लीन एंड क्लियर अपने पिंपल ही तो है अभियान के अंतर्गत अपनी लेटेस्ट डिजिटल फिल्म पेश कर रहा है ब्रैंड के वादे पर बल देते हुए यह नई डिजिटल फिल्म टीनेज में पिंपल्स के प्रति एक नया दृष्टिकोण लेकर आई है, जो टीनेज युवाओं को पिंपल्स को स्वीकार करने और जीवन की महत्वपूर्ण चीजों पर फेकस करने के लिए प्रेरित करता है।

इस अभियान की प्रेरणा के बारे में मनोज गाडगिल, वाईस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग एवं बिज़नेस यूनिट हेड, एसेंशियल हैल्थ एंड स्किन हैल्थ, केन्व्यू ने कहा पिंपल टीनेज युवाओं के जीवन में उथल-पुथल मचा देते हैं इनका न केवल उनके सामाजिक जीवन पर, बल्कि आत्मविश्वास पर भी गहरा असर होता है। लाखों लड़कियों के भरोसेमंद, एक अग्रणी टीन स्किनकेयर ब्रैंड के रूप में क्लीन एंड क्लियर टीनेज युवाओं के जीवन और उनकी स्किन की इन छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने में यकीन रखता है, ताकि वो अपने जीवन की महत्वपूर्ण चीजों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। हमारा नया व बेहतर क्लीन एंड क्लियर फेमिंग फेसवाश उनकी स्किन को नमी प्रदान करके पिंपल्स से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का एक प्रभावी समाधान पेश कर रहा है। अब टीनेज युवा अचानक प्रकट होने वाले पिंपल्स को स्वीकार करके अपने जीवन का आनंद ले सकते हैं। डीडीबी मुद्रा ग्रुप की ग्रुप क्रिएटिव डायरेक्टर, हर्षदा मेनन ने कहा हमारा पिछला कैम्पेन पिंपल को लेकर टीनेज युवाओं की सामाजिक चिंता को संबोधित करता था। इस बार हमने इस विचार को और आगे बढ़ाया है और पिंपल्स से जुड़ी संपूर्ण कहानी को चुनौती दी है। हम टीनेज युवाओं को उनका आत्मविश्वास वापस प्रदान करना चाहते हैं, और उन्हें बताना चाहते हैं कि पिंपल से सबकुछ खत्म नहीं हो जाता है।'' इस नए डिजिटल अभियान में एक टीनेज लड़की के जीवन में पिंपल को लेकर होने वाली चिंता को दिखाया गया है। पिंपल अचानक प्रकट होते हैं, और जीवन की योजनाओं में बाधा डाल देते हैं, और यंग टीनेज युवाओं का आत्मविश्वास कमजोर हो जाता है। क्लीन एंड क्लियर का मानना है कि मुंहासे युवाओं के जीवन का स्वाभाविक हिस्सा हैं और यह ब्रांड इस धारणा को बदलने की कोशिश कर रहा है कि मुंहासों के कारण एक युवा लड़की को परेशानी या चिंता होनी चाहिए।



आईपीएल एलिमिनेटर

# रॉयल्स के सामने आरसीबी की कठिन चुनौती

**अहमदाबाद।** संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग प्लेऑफ में आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की कठिन चुनौती होगी, जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है। एक समय पर रॉयल्स का शीर्ष दो में रहना तय लग रहा था लेकिन लगातार चार हार और केकेआर के खिलाफ आखिरी मैच बारिश में धुलने के कारण वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद दूसरे स्थान पर रही।

दूसरी ओर आरसीबी प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची है। पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद फाफ डु प्लेसी की टीम ने गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई है। रॉयल्स चार हार और एक वर्षाबाधित मैच रद्द होने के बाद यहां पहुंची है तो आरसीबी ने लगातार छह जीत दर्ज करके अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। आईपीएल के पहले सत्र 2008 की चैम्पियन रॉयल्स कुछ सप्ताह पहले खिताब की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थी लेकिन पिछले चार मैचों में उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरियां उजागर हुई हैं। जोस बटलर के इंग्लैंड लौट जाने से उसकी बल्लेबाजी पर असर पड़ा है। अब यशस्वी जायसवाल (348 रन), कप्तान सैमसन (504 रन) और रियान पराग (531 रन) को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। सैमसन और पराग के अलावा इंग्लैंड के टॉम होलेर कैडमोर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी, जो जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। शिमरोन हेटमायेर निचले क्रम को मजबूती दे सकते हैं हालांकि अभी तक बल्ले से इस सत्र में कमाल नहीं कर सके हैं। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम बाकी मैदानों की तरह बल्लेबाजों की ऐशगाह नहीं है, लिहाजा यहां रॉयल्स के गेंदबाज उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस मैदान पर इस सत्र में 12 पारियों में सिर्फ दो बार 200 से पार का स्कोर बना है। यानी अनुशासित गेंदबाजी करने वाली टीम का पलड़ा भारी हो सकता है। दूसरी ओर आरसीबी के विराट कोहली इस सत्र में 14 मैचों में 708 रन बना चुके हैं और वह ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी भी फॉर्म में लौट आए हैं, जबकि रजत पाटीदार ने भी पांच अर्धशतक जमाए हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स के जाने का आरसीबी पर असर नहीं पड़ा है। निचले क्रम पर दिनेश कार्तिक 195 की स्ट्राइक रेट से अधिक से रन बना रहे हैं। पिछले मैच में यश दयाल ने चेन्नई सुपर किंग्स के महेंद्र सिंह धोनी और रविंद्र जडेजा के सामने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर टीम को जीत दिलाई थी।

**संभावित प्लेइंग 11 :**

**राजस्थान रॉयल्स :** यशस्वी जायसवाल, आवेश खान, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रियान पराग, ध्रुव जुरेल, रोवमैन पॉवेल, शिमरोन हेटमायर/डोनोवन फरेरा, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, संदीप शर्मा

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार/यश दयाल, कैमरून ग्रीन, महिपाल लोमरोर, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), स्वप्निल सिंह, कर्ण शर्मा, लॉकी फर्ग्यूसन, मोहम्मद सिराज

**समय : शाम 7:30 बजे**




## भाला फेंक में फिर विश्व चैंपियन बने सुमित अंतिल




**कोबे (जापान)।** गत पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने मंगलवार को जापान के कोबे में जारी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ 64 भाला फेंक स्पर्धा में अपना खिताब बरकरार रखा, जबकि थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी क्रमशः ऊंची कूद और क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीते। जिससे भारत के लिए दिन अच्छा रहा। टोक्यो पैरालंपिक और 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित ने भाले को 69.50 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सुमित के हमवतन संदीप ने इसी स्पर्धा में 60.41 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मरियप्पन ने इसके बाद 1.88 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड के साथ टी63 ऊंची कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले एकता ने महिला एफ51 क्लब थ्रो में 20.12 के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत की कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के थ्रो से रजत पदक अपने नाम किया।

## टोक्यो ओलंपिक में रजत जीतने वाले रवि दहिया को झटका!

### कुश्ती महासंघ बोला-जिसने कोटा जीता, वही पेरिस जाएगा

**नई दिल्ली।** आगामी पेरिस ओलंपिक से पहले भारत में कुश्ती को लेकर काफी बवाल हुआ। पिछले दो वर्षों से कुश्ती के खिलाड़ियों के चयन और ट्रायल्स को लेकर काफी हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। भारतीय कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष बदला गया। पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की जगह संजय सिंह अध्यक्ष बने। इसके बाद भी विवादों का दौर जारी रहा। इसके बाद ओलंपिक कोटा और चयन ट्रायल्स को लेकर भी काफी बवाल हुआ। पहले यह तय हुआ कि कोटा हासिल करने वाले पहलवानों का पेरिस जाना तय नहीं होगा। उन्हें ट्रायल से गुजरना होगा। अब कुश्ती संघ ने फिर से नया फरमान जारी किया है। कुश्ती संघ के नए बयान के मुताबिक जिस खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया है, वही खिलाड़ी पेरिस जाएगा। ऐसे में 2021 में हुए टोक्यो ओलंपिक में भारत को फ्री-स्टाइल (पुरुषों के 57 किग्रा) में रजत पदक दिलाने वाले रवि दहिया इस साल ओलंपिक में खेलते नहीं दिखेंगे। रवि दहिया आगामी ओलंपिक के लिए कोटा जीतने में नाकाम रहे थे। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतने वाले बजरंग पूनिया पर पहले ही बैन लग चुका है।

#### विनेश को बदलना होगा भार वर्ग

डब्ल्यूएफआई के फैसले ने रवि दहिया के अलावा महिलाओं में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य विजेता सरिता मोर (57 किग्रा) के लिए पेरिस ओलंपिक के दरवाजे बंद कर दिए हैं। रवि और सरिता ट्रायल की तैयारी कर रहे थे। इसका मतलब यह भी है कि विनेश फोगाट को अब महिलाओं की 50 किग्रा स्पर्धा में ही भाग लेना होगा। अगर वह ट्रायल में अंतिम को हरा देती तो उनके पास 53 किग्रा में भी प्रतिस्पर्धा करने का मौका होता।

#### पहलवानों के फिटनेस की परीक्षा होगी

भारतीय कुश्ती महासंघ ने मंगलवार को सभी छह ओलंपिक कोटा विजेताओं को चयन ट्रायल से छूट देने का फैसला जरूर किया है, लेकिन उनके फॉर्म और फिटनेस का आकलन आगामी रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट और उसके बाद हंगरी में प्रशिक्षण शिविर में किया जाएगा। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि ट्रायल नहीं कराने का फैसला अजीबोगरीब परिस्थितियों में लिया गया है और इसे भविष्य में मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।



## ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप को फाइनल टीम की घोषणा

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप दिया है। जिसमें 15 खिलाड़ियों के समूह और यात्रा करने वाले रिजर्व की पुष्टि की गई है। अपनी प्रारंभिक सूची से खेलने वाले दल के लिए अपरिवर्तित समूह का चयन करते हुए जेक फ्रेजर-मैकगर्क और मैट शॉर्ट रिजर्व के रूप में टीम के साथ रहेंगे। इसका मतलब है कि टूर्नामेंट के लिए स्टीव स्मिथ और जेसन बेहरेनडॉर्फ और तनवीर संघा जैसे खिलाड़ियों के लिए अभी भी कोई जगह नहीं है। बाएं हाथ के स्पिनर एश्टन एगर को 2022 में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पिछले टी20 विश्व कप के बाद से कोई टी20आई नहीं खेलने के बावजूद टीम में वापस बुलाया गया है।



**ऑस्ट्रेलियाई टीम**

**मिशेल मार्श (कप्तान),** एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा

**रिजर्व खिलाड़ी :**
जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैट शॉर्ट।



## हरभजन ने भारतीय क्रिकेट टीम का कोच बनने की इच्छा जताई


**नई दिल्ली।** भविष्य में टीम इंडिया के लिए कोचिंग की भूमिका निभाने की संभावना का संकेत देते हुए पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिले तो वह उस खेल को कुछ वापस देना चाहेंगे, जिसने उन्हें इतना शानदार करियर दिया है। उन्होंने कहा कि मेन इन ब्लू को कोचिंग देना टीम प्रबंधन के बारे में है। हरभजन का यह बयान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने के एक सप्ताह बाद आया है, जिसका कार्यकाल इस साल 1 जुलाई से शुरू होगा और 31 दिसंबर 2027 को समाप्त होगा। जिस साल अगला 50 ओवर का क्रिकेट विश्व कप होगा। भारतीय टीम की कोचिंग के बारे में बात करते हुए हरभजन ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि मैं आवेदन करूंगा या नहीं। भारत को कोचिंग देना मैन मैनेजमेंट के बारे में है, खिलाड़ियों को गाड़ी चलाना और खींचना सिखाने के बारे में नहीं। वे इसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। आप उन्हें कुछ मार्गदर्शन दे सकते हैं। क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अगर मुझे इसे वापस देने का मौका मिलता है, तो मैं बहुत खुश होऊंगा।' पिछले साल नवंबर में भारत के फाइनल में पहुंचने के बाद घर पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप नहीं जीत पाने के बाद वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को जून तक का विस्तार दिया गया था।

## हेड कोच को बीसीसीआई ले सकती धोनी की मदद!

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई को टीम इंडिया के लिए नए हेड कोच की तलाश है। मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 के साथ समाप्त हो रहा है। इसके बाद वे इस पद पर बने नहीं रहना चाहते। बीसीसीआई को अभी तक कोई अच्छा उम्मीदवार मिला नहीं है। जिनको दावेदार माना जा रहा है या बीसीसीआई जिनको हेड कोच बना सकती है, वे इसके लिए अप्लाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में बीसीसीआई को टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की मदद लेनी पड़ सकती है। दरअसल, एमएस धोनी डील ब्रेकर बन सकते हैं। बीसीसीआई की फर्स्ट च्वॉइस में हेड कोच के तौर पर सीएसके के मौजूदा हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग भी हैं। फ्लेमिंग, अपने खेल के दिनों में एक प्रतिष्ठित क्रिकेटर थे, जिन्होंने 303 मैचों में न्यूजीलैंड की कप्तानी भी की और आईपीएल में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले कोच हैं। टी20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के लिए वे बोर्ड की पहली पसंद हैं, लेकिन फ्लेमिंग ने 2027 तक प्रतिबद्धता जताने में अनिच्छा व्यक्त की है।

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा मैच

# कोलकाता और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच पहला क्वालिफायर मुकाबला आज







एजेंसी || अहमदाबाद

आईपीएल में आज पहला क्वालिफायर मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। टॉस 7:00 बजे होगा। इस मुकाबले में जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। हारने वाली टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए क्वालिफायर-2 खेलने का मौका मिलेगा। KKR ने 2 बार IPL खिताब जीता है। ये 2 बार क्वालिफायर-1 खेली है और दोनों बार मैच के साथ टूर्नामेंट भी जीता। KKR 8वीं बार प्लेऑफ मुकाबला खेलेगी। एक बार फाइनल हारी, 2 बार एलिमिनेटर और 2 बार क्वालिफायर-2 राउंड में हार चुकी है। kKR ने पहली बार 2011 में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया था और आखिरी बार 2021 में नॉकआउट स्टेज में पहुंची थी।

### नरेन का दोहरा प्रदर्शन, वरुण के सबसे ज्यादा विकेट






### हैदराबाद 7वीं बार प्लेऑफ में आया

सनराइजर्स हैदराबाद 7वीं बार IPL के प्लेऑफ में पहुंची है। टीम पहली बार 2013 में प्लेऑफ में पहुंची थी, ये टीम का डेब्यू सीजन था। SRH आखिरी बार 2020 में टॉप-4 में पहुंची थी। अपने पिछले 6 प्लेऑफ मुकाबलों में SRH दो बार फाइनल में पहुंची, 2016 में खिताब जीती और 2018 में रनरअप रही। टीम 3 बार एलिमिनेटर में हारी और एक बार क्वालीफायर-2 में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुई। साल 2018 में गुजरात ने क्वालिफायर-1 खेला जिसमें उसे हार मिली। हालांकि, क्वालिफायर-2 में वो जीती और फाइनल में भी पहुंची। हेड टु हेड में KKR का पलड़ा भारी है। अब तक दोनों टीमों के बीच कुल 26 मुकाबले हुए, इनमें से 17 मुकाबले KKR ने जीते।

### बारिश की कोई संभावना नहीं

अहमदाबाद में मुकाबले के दिन गर्मी होगी। हालांकि मैच शाम में होगा तो प्लेयर्स को राहत मिलेगी। दिन का न्यूनतम तापमान 31 डिग्री होगा। साथ ही बारिश की कोई संभावना नहीं है।

#### पिच रिपोर्ट

अहमदाबाद में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम बोर्ड पर बड़ा स्कोर खड़ा करने और मैच जीतने में सफल रही है। पहले बैटिंग करने वाली टीम का एवरेज स्कोर 170 रन के करीब है। हालांकि इस मैदान पर इस सीजन 200 रन भी चेज हो चुके हैं। चूंकि आसमान साफ है और बारिश का कोई खतरा नहीं है, इसलिए उम्मीद है कि कप्तान टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करेंगे। तेज गेंदबाजों को विकेट से अच्छा मूवमेंट मिलेगा, जबकि स्पिनर्स को भी बाद के ओवर्स में मदद मिलेगी।

#### पॉसिबल प्लेइंग इलेवन

**KKR:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), सुनील नरेन, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, मिचेल स्टार्क, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती।

**SRH:** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, राहुल त्रिपाठी, नितिश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, मयंक मारकंडे/विजयकांत वियषकांत, भुवनेश्वर कुमार और टी नटराजन।

## एसपीएल-7 नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ

**भोपाल।** सिंधु सेना भोपाल द्वारा आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग -सीजन 7, नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ जोरदार आतिशबाजी के साथ हुआ, सिंधु सेना अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने बताया टूर्नामेंट 19 मई से 26 मई तक शाम 7 बजे से बाबे आली स्टेडियम में होगा, जिसमे हर दिन 4 मैच होंगे, विजेता को 51000 एंवम ट्रॉफी, उपविजेता को 21000 एंवम ट्रॉफी दी जाएगी, टूर्नामेंट का शुभारम्भ मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी, वरिष्ठ समजसेवी जयकिशन लालचंदनी जी द्वारा किया गया, पहले दिन



4 लीग मैच खेले गए। पहले मैच मे गेम स्विंगर ने टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी की ओर 8 ओवर मे 71 रन बनाए तिन्नी ने 41 रन बनाए जबाव मे पींक आर्मी इंदौर 17 रन से मैच हार गई गेम स्विंगर के तिन्नी को मैन ऑफ द मैच दिया गया। 2-सी एम मेडिकल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की ओर 30 रन पर ऑलआउट हो गई क्लब 07 ने 3 ओवर मे मैच जीत लिए मैन ऑफ द मैच हरीश को दिया गया 3 विकेट लिए। यू सी सी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी की ओर सुभाष 11 को 50 रन पर ऑलआउट कर दिए यू सी सी के दीपक ने 6 विकेट लिए जबाव मे यू सी सी ने 6.5 ओवर मे मैच जीत लिए मैन ऑफ द मैच दीपक को दिए।

## मंडीदीप लायंस को हराकर पैंथर ने 22 रन से जीता मैच

सच संवाददाता || मंडीदीप

एम पी एल सीजन - 3 का नौवे दिन का पहला मैच जो की मंडीदीप लायंस व मंडीदीप पैन्थर के बीच खेला गया। पैन्थर ने टॉस जीतकर लायंस को फिल्डिंग के लिए आमंत्रित किया। पैन्थर ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 3 विकेट खोकर 141 रन बनाये, जिसमे कनिष्क पचौरी ने 29 बॉल पर 42 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछे करने उत्तरी लायंस की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 119 रन का योगदान दिया, जिसमे अली खान ने 14 बॉल पर 26 रन का योगदान दिया। इस प्रकार पैन्थर ने 22 रन से मैच को जीत लिया।

इस मैच के मैन ऑफ़ द मैच बृजेश वर्मा रहे। मम पी एल सीजन - 3 का नौवे दिन का दूसरा मैच जो की मंडीदीप टाईगर व मंडीदीप राईनॉस के बीच खेला गया, जिसमे टाईगर ने टॉस जीतकर राईनॉस को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। राईनॉस ने बैटिंग करते हुए निर्धारित 15 ओवर मे 8



विकेट खोकर 116 रन बनाये, जिसमें निहाल करौसिया ने 37 बॉल पर 53 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाईगर की टीम ने निर्धारित 13.4 ओवर मे 5 विकेट खोकर 117 रन बनाये। जिसमें श्रृषभ सचान ने 18 बॉल पर 35 रन का योगदान दिया। इस प्रकार टाईगर ने 5 विकेट से मैच को जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मयंक सिंह रहे।

## स्वर्गीय रियाज कौसर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न टीम तारिक़-11 ने जीती ट्रॉफी




**भोपाल।** बेस्ट शॉट्स इनडोर स्पोर्ट्स क्लब कोहे -फिज़ा भोपाल द्वारा संपंन्न चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुनव्वर कौसर ने कहा कि खेल जगत में क्रिकेटर हमारे जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाता है उन्होंने उपस्थित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर उत्तर विधायक आतिफ आरिफ अक़ील भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कौसर परिवार युवा क्रिकेट प्रेमियों को इस मंच के जरिए जो अवसर प्रदान कर रहे हैं। वह सराहनीय है मैं उन्हें और उपस्थित सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं कौसर एवं आतिफ आरिफ अक़ील ने प्रथम विजेता टीम तारीक़ इलेवन को नगद राशि रुपए 41000 एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया एवं दित्तीय पुरस्कार विजेता स्टार वारियर्स को 21000 नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की। इस मैच में सर्वश्रेष्ठ गेन्दबाज़ योगेश सिंह योगी रहे एवं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज मक़बूल रहे। टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अदनान रहे। बेस्ट शॉट्स इनडोर स्पोर्ट्स क्लब कोहेफिज़ा भोपाल के संचालक शाहबाज़ कौसर एवं सूफियान अली ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद दिया और सभी उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हनुमान जी और शनिदेव की 5 रोचक कथाएं

**यूं तो हनुमान जी की कई महान कथाएं हैं लेकिन हम आपको यहां बताने जा रहे हैं हनुमान जी और शनिदेव से जुड़ी कुछ कथाएं। भगवान शनि खुद को बहुत शक्तिशाली मानते थे और उन्हें इस बात का घमंड भी बहुत था, लेकिन जब हनुमान जी से हुआ उनका सामना तो क्या हुआ ? यहां जानिए 5 रोचक कथाएं...**

यूं तो हनुमान जी की कई महान कथाएं हैं लेकिन हम आपको यहां बताने जा रहे हैं हनुमान जी और शनिदेव से जुड़ी कुछ कथाएं। भगवान शनि खुद को बहुत शक्तिशाली मानते थे और उन्हें इस बात का घमंड भी बहुत था, लेकिन जब हनुमान जी से हुआ उनका सामना तो क्या हुआ? यहां जानिए 5 रोचक कथाएं...

1. कहते हैं कि बचपन में शनिदेव अपने माता-पिता से रूठ कर घर से भाग जाते हैं और अपनी शक्ति के बल पर लोगों को परेशान करने लगते हैं। इस तरह शनिदेव एक गांव में इसलिए आग लगा देते हैं, क्योंकि उस गांव के लोग उन्हें पानी नहीं पीने देते हैं। सभी गांव वाले शनिदेव को घेरकर मारने का प्रयास करते हैं तो हनुमान जी उन्हें बचा लेते हैं। लेकिन शनिदेव इस एहसान को नहीं मानते हैं और हनुमान जी से कहते हैं कि तुम्हें मेरे रास्ते में नहीं आना चाहिए था। हनुमान जी कहते हैं अब तुम सीधे अपने पिता के पास जाओ, लेकिन शनिदेव उनसे वाद-विवाद करने लगते हैं। फिर दोनों में गदा युद्ध होता है तब हनुमान जी उन्हें अपनी पूंछ में लपेटकर उनके पिता के पास ले जाकर छोड़ देते हैं।

2. शनिदेव ने हनुमान जी के बल और पराक्रम की प्रशंसा सुनी तो वे उनसे युद्ध करने के लिए निकल पड़े। लेकिन उस समय हनुमान जी अपने प्रभु श्रीराम की भक्ति में लीन थे। तभी अपने बल के घमंड में चूर शनिदेव आ पहुंचे और उन्होंने हनुमान जी की रामभक्ति में विघ्न डाला और उन्हें युद्ध के लिए ललकारा।

इसके बाद मजबूर होकर हनुमान जी को उनसे युद्ध करना पड़ा और फिर उन्होंने शनिदेव को अपनी पूंछ में बांध लिया और रामभक्ति में लीन हो गए। शनिदेव ने बहुत प्रार्थना की तब उन्होंने शनिदेव को मुक्त किया और फिर घायल शनिदेव को देखकर हनुमान जी को दया आ गई तो उन्होंने पीड़ा से मुक्त करने के लिए उनके घावों के लिए सरसों का तेल दिया, जिसे लगाकर शनिदेव को आराम मिला।

3. एक बार अहंकारी लंकापति रावण ने शनिदेव को कैद कर लिया और उन्हें लंका में एक जेल में डाल दिया। जब तक हनुमान जी लंका नहीं पहुचें तब तक शनिदेव उसी जेल में कैद रहे। जब हनुमान सीता मैया की खोज में लंका में आए तब मां जानकी को खोजते-खोजते उन्हें भगवान शनिदेव जेल में कैद मिले। हनुमान जी ने तब शनि भगवान को कैद से मुक्त करवाया। मुक्ति के बाद उन्होंने हनुमान जी का धन्यवाद दिया और उनके भक्तों पर विशेष कृपा बनाए रखने का वचन दिया।



4. गुजरात के भावनगर में स्थित सारंगपुर गांव में कष्टभंजन हनुमान मंदिर अकेला ऐसा मंदिर हैं, जहां बजरंगबली के पैर के नीचे शनिदेव बैठे हैं। खास बात तो यह है कि यहां शनिदेव नारी रूप में विराजे हैं। यहां कि कथा के अनुसार एक बार शनिदेव का धरती पर कोप इतना बढ़ गया कि सभी परेशान होने लगे। तब लोगों ने हनुमान जी की शरण ली। सभी ने हनुमान जी से प्रार्थना की कि हे प्रभु हमें बचाएं।

हनुमान जी को जब यह ज्ञात हुआ कि शनि उनके भक्तों को परेशान कर रहे हैं तो वह क्रोधित हो गए। क्रोध में उन्होंने अपनी गदा उठाई और गदा लेकर शनिदेव को खोजते लगे। शनिदेव को जब इस बात को पता चला तो वे घबरा गए और समझ गए कि अब तो मुझे कोई नहीं बचा सकता। उन्हें छुपने का और कोई उपाय समझ में नहीं आया तो, उनसे बचने के लिए शनिदेव ने तुरंत ही स्त्री रूप धारण कर लिया।

शनिदेव जानते थे कि हनुमान ब्रह्मचारी है और वो कभी किसी स्त्री पर हाथ नहीं उठा सकते। इसलिए वे स्त्री रूप धारण करके उनके चरणों में बैठ गए और हनुमान जी के समक्ष क्षमा याचना करने लगे। हनुमान जी नारीरूप शनि पर हाथ नहीं उठाते थे, इसलिए उन्होंने शनि देव को क्षमा कर दिया। तभी से वे वहां उनके चरणों में बैठे हैं।

5. मान्यता अनुसार एक बार शनिदेव हनुमान जी के पास आते हैं और कहते हैं कि मैं आपको सावधान करने आया हूं कि कृष्ण लीला के समापन के बाद कलियुग का प्रारंभ हो चुका है। इस कलियुग में देवता धरती पर नहीं रह सकते, क्योंकि जो भी धरती पर है उस पर मेरी साढ़ेसाती का असर होगा। इसलिए आप पर भी इसका प्रभाव प्रारंभ होने वाला है।

इस पर हनुमान जी कहते हैं जो भी देवता या मनुष्य राम की शरण में रहता है उस पर तो काल का भी प्रभाव नहीं रहता। इसलिए आप मुझे छोड़कर कहीं और जाइए। इस पर शनिदेव कहते हैं कि मैं सृष्टिकर्ता के विधान के आगे विवश हूं। आपके ऊपर मेरी साढ़ेसाती अभी से प्रभावी हो रही है। इसलिए आज और अभी मैं शरीर पर आ रहा हूं, इसे कोई टाल नहीं सकता।

तब हनुमान जी कहते हैं- ठीक है आ जाइए। परंतु ये बताइएं कि मेरे शरीर पर कहां आ रहे हैं तो इस पर शनिदेव बड़े गर्व से कहते हैं कि ढाई साल आपके सिर पर बैठकर आपकी बुद्धि को विचलित करूंगा, अगले ढाई साल पेट में रहकर आपके शरीर को अस्वस्थ करूंगा और अंतिम ढाई साल पैर पर रहकर आपको भटकाता रहूंगा।

इतना कहकर शनिदेव हनुमान जी के माथे पर बैठ गए। माथे पर बैठते ही हनुमान जी को खुजली आई तो उन्होंने एक पर्वत उठाकर अपने माथे पर रख लिया। तब उस पर्वत से दबकर घबरा कर शनिदेव बोले कि ये क्या कर रहे हो आप?

यह सुनकर हनुमान जी ने कहा कि आप अपना काम कीजिए, मुझे मेरा काम करने दीजिए। मैं अपने स्वभाव से विवश हूं। मैं इसी प्रकार खुजली मिटाता हूं।

ऐसा कहकर हनुमान जी एक और पर्वत अपने सिर पर रख लेते हैं। जिससे शनिदेव और दब जाते हैं और हैरान-परेशान होकर कहते हैं आप इन पर्वतों को उतारिएं, मैं समझौता करने के लिए तैयार हूं। हनुमान जी कुछ नहीं सुनते हैं और तीसरा बड़ा पर्वत उठाकर अपने सिर पर रख देते हैं। इस बोझ से शनिदेव चिल्लाने लगते हैं और कहते हैं- मुझे छोड़ दो, मैं आपके कभी नजदीक भी नहीं आऊंगा। लेकिन फिर भी हनुमान जी उनकी पुकार को सुना-अनसुना करके चौथा पर्वत रख देते हैं तब शनिदेव त्राहिमाम त्राहिमाम करते हुए हनुमान जी से प्रार्थना करते हैं- मैं आप तो क्या आपके भक्तों के भी समीप भी कभी नहीं आऊंगा, कृपया करके मुझे छोड़ दें।... यह सुनकर हनुमान जी शनिदेव को पीड़ा से मुक्त कर देते हैं।

जय हनुमान।

# मन में पूर्ण विश्वास के साथ पढ़ें हनुमान चालीसा तो मिलेगा मनवांछित फल

## 'और देवता चित्त ना धरई, हनुमत सेई सर्व सुख करई।'

**शास्त्रों अनुसार कलयुग में हनुमानजी की ही भक्ति को सबसे जरूरी, प्रथम और उत्तम बताया गया है लेकिन अधिकतर जनता भटकी हुई है। ''और देवता चित्त न धरई हनुमत सेई सर्व सुख करई।'' इसलिए हनुमानजी की ही पूजा और भक्ति करें कहीं और मन को भटकाएं नहीं। यदि आप घर में प्रतिदिन हनुमान चालीसा पढ़ते हैं तो जानिए कि किस तरह पढ़ने से मिलेगा लाभ।**

हनुमानजी के कई रूप हैं। जैसे पंचमुखी हनुमान, एकादशी हनुमान, वीर हनुमान, भक्त हनुमान, दास हनुमान, सूर्यमुखी हनुमान, दक्षिणमुखी हनुमान, उत्तर मुखी हनुमान, उड़ते हुए हनुमान, पर्वत उठाए हनुमान, राम मिलन हनुमान, ध्यान करते हनुमान, संकटमोचन हनुमान आदि। इसमें से आपको पंचमुखी हनुमान, वीर हनुमान, भक्त हनुमानजी या संकटमोचन हनुमान की पूजा करना चाहिए और उन्हीं के समक्ष बैठकर हनुमान चालीसा पढ़ना चाहिए। यानी आपके घर में इन 4 में से कोई एक की मूर्ति या चित्र होना चाहिए।



**1. भक्त बनें :** कई लोग हनुमान चालीसा का पाठ तब करते हैं जबकि उनके उपर कोई संकट आता है। कहते हैं कि ''दु:ख में सुमिरन सब करे सुख में करै न कोय। जो सुख में सुमिरन करें तो दु:ख काहे को होऊ।'' दूसरा यह कि हनुमानजी पर भरोसा रखना जरूरी है।'' और देवता चित्त ना धरई, हनुमत सेई सर्व सुख करई।'' कई लोग धैर्य नहीं रखते हैं और दूसरे देवता का पाठ करने लग जाते हैं। यदि इस तरह से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे तो नहीं मिलेगा उसका लाभ।

**2. अन्य ओर ध्यान :** कई लोगों जब हनुमान चालीसा पढ़ते हैं तब उनका ध्यान इधर उधर होता है। यानी मन कहीं ओर है और पढ़ रहे हैं तो बस यंत्रवत। जैसे कि रोज का काम है किसी तरह निपटाना है। हनुमान चालीसा पढ़ते वक्त मन में हनुमानजी का ध्यान नहीं है तो फिर क्या लाभ मिलेगा?

**3. मध्यम स्वर :** कई लोग हनुमान चालीसा का पाठ ऊंचे स्वर में अशुद्ध उच्चारण के साथ करते हैं या एकदम नीचे स्वर में इसका पाठ करते हैं। यह गलती सभी करते हैं।

**4. खुद के नाम का उच्चारण :** यह भी मान्यता है कि जहां पर लिखा है कि ''तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय मंह डेरा।'' यहां तुलसीदास की जगह आपको आपके नाम का उच्चारण करना चाहिए। कई लोग यह गलती करते हैं इसीलिए उन्हें लाभ प्राप्त नहीं होता है।

**5. चालीस दिन तक पाठ :** 100 बार हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए। सौ बार नहीं कर सको तो 11 बार करो। 11 बार न हो तो 9 बार करो। 9 बार नहीं कर सको तो 7 बार करो। 7 बार न कर सको तो 5 बार करो और 5 बार न कर सको तो 3 बार करो और 3 बार भी नहीं कर सकते हो तो 1 बार प्रतिदिन करो चालीसा का पाठ और कम से कम 40 दिन तक करने के बाद उन्हें लंगोट जरूर भेंट करें।

**6. आह्वान :** हनुमान चालीसा का पाठ करने के पहले कई लोग उनका और श्रीरामजी का आह्वान करके पाठ नहीं करते हैं। कई लोग पाठ तो करते हैं लेकिन उसके दोहे नहीं पढ़ते हैं जो हनुमान चालीसा का ही अंग है।

हनुमान चालीसा का पाठ करने के पहले उनके चित्र या मूर्ति को पवित्र जल से पवित्र करके उन्हें तुलसी की माला या जनेऊ पहनाकर भक्ति भाव से उनकी पसंद का भोग अर्पण करके कई लोग हनुमान चालीसा नहीं पढ़ते हैं। हनुमान चालीसा के पाठ के दौरान ब्रह्मचर्य, पवित्रता, शुद्धता, साफ सफाई का ध्यान कई लोग नहीं रखते हैं। महिलाएं यदि हनुमान चालीसा का पाठ कर रही हैं तो उन्हें इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि वे उन्हें टच न करें। कई लोग यह गलती करते हैं।

## बुढ़वा मंगल पर बन रहा है शुभ योग, हनुमान जी को कर लें प्रसन्न

वर्ष 2024 में ज्येष्ठ मास का प्रारंभ 24 मई, दिन शुक्रवार से हो रहा है। और इस बार 28 मई, मंगलवार को पहला बुढ़वा मंगल व्रत मनाया जाएगा। हिंदू धर्म शास्त्रों में ज्येष्ठ माह का विशेष महत्व बतलाया गया है। और इस महीने पड़ने वाले बुढ़वा मंगल के दिन श्री हनुमान जी की पूजा करने का भी विशेष महत्व माना गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ मास के प्रत्येक मंगल को बुढ़वा मंगल कहते है। कई स्थानों पर इस दिन को बड़ा मंगल के नाम से भी जाना जाता है। इस साल बुढ़वा मंगल पर काफी शुभ योग बन रहा हैं। हिन्दू पंचांग के अनुसार इस साल 28 मई को ब्रह्म योग बन रहा है, और इस योग की शुरुआत सुबह 04 बजकर 27 मिनट पर शुरू होकर अर्द्धरात्रि 02 बजकर 05 मिनट पर समाप्त होगी। बता दें कि इस योग को काफी शुभ योगों में से एक माना जाता है। अत: इस अवसर पर हनुमान जी को प्रसन्न किया जाता है। तथा उनकी कृपा से घर में सुख-समृद्धि, शांति और खुशियां आती है। इस दिन हनुमान जी का पूजन-अर्चन करने से सभी प्रकार के कष्ट दूर होकर सभी मनोकामना पूर्ण होती है। हिन्दू कलेंडर के अनुसार इस बार ज्येष्ठ मास में 28 मई को पहला बुढ़वा मंगल, 4 जून को दूसरा मंगल, 11 जून को तीसरा मंगल तथा 18 जून को चौथा बड़ा मंगल पड़ रहा है।

# जगत के पालनहार भगवान विष्णु

## मनुष्यों के दु:ख दूर कर उनको श्रेष्ठ जीवन का देते हैं वरदान

**कहते हैं कि ब्रह्माजी जन्म देने वाले, विष्णु पालने वाले और शिव वापस ले जाने वाले देवता हैं। भगवान विष्णु तो जगत के पालनहार हैं। वे सभी के दु:ख दूर कर उनको श्रेष्ठ जीवन का वरदान देते हैं। जीवन में किसी भी तरह का संकट हो या धरती पर किसी भी तरह का संकट खड़ा हो गया हो, तो विष्णु ही उसका समाधान खोजकर उसे हल करते हैं। विष्णु ने ब्रह्मा के पुत्र भृगु की पुत्र लक्ष्मी से विवाह किया था। शिव ने ब्रह्मा के पुत्र दक्ष की कन्या सती से विवाह किया था। हिन्दू धर्म के अनुसार विष्णु परमेश्वर के 3 मुख्य रूपों में से एक रूप हैं।**



हिन्दू धर्म में कहते हैं कि ब्रह्माजी जन्म देने वाले, विष्णु पालने वाले और शिव वापस ले जाने वाले देवता हैं। भगवान विष्णु तो जगत के पालनहार हैं। वे सभी के दु:ख दूर कर उनको श्रेष्ठ जीवन का वरदान देते हैं। जीवन में किसी भी तरह का संकट हो या धरती पर किसी भी तरह का संकट खड़ा हो गया हो, तो विष्णु ही उसका समाधान खोजकर उसे हल करते हैं। ब्रह्मा के काल में हुए भगवान विष्णु को पालनहार माना जाता है। विष्णु ने ब्रह्मा के पुत्र भृगु की पुत्र लक्ष्मी से विवाह किया था। शिव ने ब्रह्मा के पुत्र दक्ष की कन्या सती से विवाह किया था। हिन्दू धर्म के अनुसार विष्णु परमेश्वर के 3 मुख्य रूपों में से एक रूप हैं। एक शोधानुसार यह माना जाता है कि लगभग 12000 ईसापूर्व हुए थे।

शिवपुराण के अनुसार ब्रह्माजी अपने पुत्र नारद जी से कहते हैं कि विष्णु को उत्पन्न करने के बाद सदाशिव और शक्ति ने पूर्ववत प्रयत्न करके मुझे (ब्रह्माजी को) अपने दाहिने अंग से उत्पन्न किया और तुरंत ही मुझे विष्णु के नाभि कमल में डाल दिया। इस प्रकार उस कमल से पुत्र के रूप में मुझ हिरण्यगर्भ (ब्रह्मा) का जन्म हुआ। श्रीमद् देवी भागवत पुराण के तीसरा स्कंध अध्याय 5 में भी इसका उल्लेख मिलता है।

विष्णु रूप में उन्होंने ऋषि भृगु की पुत्री माता लक्ष्मी से विवाह किया। माता लक्ष्मी की माता का नाम ख्याति था। विष्णु और लक्ष्मी के करीब 18 पुत्र थे।

**मंत्र : ॐ विष्णु नम:, ॐ नमो नारायण, हरि ॐ**

### विष्णु के प्रकट अवतार

- **1. हंसावतार :** सनकादि मुनियों के दार्शनिक प्रश्नों का समाधान करने के लिए विष्णु ने हंसावतार धारण किया था। उन्होंने मुनियों को वैदिक ज्ञान बताकर दीक्षा प्रदान की थी। हंस रूप विष्णु ने ही शांत नामक दैत्य का वध किया था
- **2. आदि वराह अवतार :** विष्णु ने कश्यप के पुत्र हिरण्याक्ष का वध करने के लिए वराह रूप धरा था।
- **3. नृसिंह अवतार :** विष्णु ने कश्यप के पुत्र हिरण्यकशिपु का नृसिंह रूप धारण कर वध किया था।
- **4. मोहिनी अवतार :** उन्होंने मोहिनी का रूप धारण कर असुरों से अमृत कलश को बचाकर देवताओं को दे दिया था।
- **5. जलंधर :** विष्णु ने शिव पुत्र जलंधर का रूप धारण करके वृंदा का सतीत्व खंडित किया था।

**6. मोहिनी अवतार :** विष्णु ने भस्मासुर को मारने के लिए एक बार फिर उन्होंने मोहिनी रूप धारण किया।

- **7. कच्छप अवतार :** समुद्र मंथन के दौरान जब धरती डोल रही थी, तब उन्होंने कच्छप रूप धारण किया।
- **8. धन्वंतरि :** समुद्र मंथन के दौरान अंत में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे विष्णु जिन्हें भगवान धन्वंतरि कहा गया। भगवान के इस देव रूप ने आयुर्वेद, वेद, आरोग्य, वनस्पति आदि की शिक्षा दी। उनके बाद राजा धन्व के पुत्र धन्वंतरि हुए जिनके केतुमान नामक पुत्र थे। केतुमान के पुत्र का नाम भीमरथ था। भीमरथ के पुत्र का नाम दिवीदास था। दिवीदास का संवरण था जिसने सुदास से युद्ध लड़ा था।
- **9. हयग्रीव अवतार :** विष्णु ने हयग्रीव नामक सोमकासुर को मारने के लिए हयग्रीव का ही रूप धारण किया।
- **10. मत्स्य अवतार :** प्रलयकाल के दौरान मत्स्य रूप धारण कर राजा वैवस्वत मनु को नाव बनाकर सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा।
- **11. गजेन्द्रोधारावतार :** हाथी (इंद्रद्युम्न) को मगरमच्छ (हुहू) से बचाने के लिए गजेन्द्रोधारावतार धरण किया।
- **12.** स्वायंभुव मनु के दो पुत्र प्रियवत और उत्तानपाद में से उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव को विष्णु ने वरदान दिया था।

### विष्णु के जन्मावतार

- **1. सनकादि अवतार :** विष्णु ने ब्रह्मा के पुत्रों सनक, सनंदन, सनातन, सनत्कुमार के रूप में जन्म लेकर वेद ज्ञान का प्रकाश फैलाया।
- **2. नर-नारायण :** धर्म की पत्नी रुचि के गर्भ से भगवान विष्णु ने नर और नारायण नामक दो ऋषियों के रूप में जन्म लिया। वे जन्म से तपोमूर्ति थे अत: जन्म लेते ही बदरीवन में तपस्या करने के लिए चले गए। उनकी तपस्या से ही संसार में सुख और शांति का विस्तार होता है।
- **3. वामनावतार :** कश्यप-अदिति के 12 पुत्रों में से एक त्रिविक्रम को भगवान विष्णु का अवतार माना गया जिन्होंने असुर राज बाली से तीन पग में धरती दान में ले ली थी। उन्हें वामन भी कहा गया।
- **4. परशुराम अवतार :** क्रूर राजाओं से समाज को बचाने के लिए और समाज में फिर से वैदिक व्यवस्था लागू करने के लिए विष्णु ने जमदग्नि-रेणुका के पुत्र के रूप में जन्म लिया, जो आगे चलकर परशुराम कहलाए।
- **5. व्यास अवतार :** परशुराम के बाद वेद व्यास के रूप में भगवान ने अवतार लेकर वैदिक ज्ञान का उद्धार किया। (ये वे वेद व्यास नहीं हैं, जो कृष्ण के काल में हुए थे)
- **6. रामावतार :** रावण का वध करने के लिए दशरथ-कौशल्या के पुत्र के रूप में विष्णु ने जन्म लिया।
- **7. कृष्णावतार :** वासुदेव-देवकी के यहां विष्णु ने कृष्ण के रूप में जन्म लेकर दुनिया को गीता का ज्ञान दिया।

भगवान विष्णु ने ही नृसिंह अवतार लेकर एक और जहां अपने भक्त प्रहलाद को बचाया था वहीं क्रूर हिरण्यकश्यपु से प्रजा को मुक्ति दिलाई थी। उसी तरह वराह अवतार लेकर उन्होंने महाभयंकर हिरण्याक्ष का वध करके देव, मानव और अन्य सभी को भयमुक्त किया था। उन्होंने ही महाबलि और मायावी राजा बलि से देवताओं की रक्षा की थी।

- **श्री विष्णु के 24 अवतार :** जब-जब पृथ्वी पर कोई संकट आता है तो भगवान अवतार लेकर उस संकट को दूर करते हैं। भगवान विष्णु ने अब तक 23 अवतार लिए हैं। भगवान विष्णु के 24 वें अवतार के बारे में कहा जाता है कि 'कल्कि अवतार' के रूप में उनका आना सुनिश्चित है। इन 24 अवतार में से 10 अवतार विष्णु जी के मुख्य अवतार माने जाते हैं। यह है मत्स्य अवतार, कूर्म अवतार, वराह अवतार, नृसिंह अवतार, वामन अवतार, परशुराम अवतार, राम अवतार. कृष्ण अवतार, बुद्ध अवतार, कल्कि अवतार। इसके अलावा श्री सनकादि मुनि, नारद, नर-नारायण, कपिल मुनि, दत्तात्रेय, यज्ञ, भगवान ऋषभदेव, आदिराज पृथु, भगवान धन्वन्तरि, मोहिनी अवतार, हयग्रीव, श्रीहरि, महर्षि वेदव्यास, और हंसावतार।

**जब-जब पृथ्वी पर कोई संकट आता है तो भगवान अवतार लेकर उस संकट को दूर करते हैं। भगवान विष्णु ने अब तक 23 अवतार लिए हैं। भगवान विष्णु के 24 वें अवतार के बारे में कहा जाता है कि 'कल्कि अवतार' के रूप में उनका आना सुनिश्चित है। 24 में से 10 विष्णु जी के मुख्य अवतार माने जाते हैं।**




# 'मंजू ताई' का कान्स डेब्यू

## मां की साड़ी और नथ पहन रेड कार्पेट पर उतरीं एक्ट्रेस

किरण राव के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' को खूब शाबाशियां मिलीं। फिल्म के हर कैरेक्टर को दर्शकों ने खूब सराहा। फिल्म में जहां फूल, पुष्पा और दीपक के किरदार ने वाहवाही लूटी तो वहीं मंजू ताई का कैरेक्टर भी खूब चर्चा में रहा। 'लापता लेडीज' में मंजू ताई का किरदार छाया कदम ने निभाया है और एक्ट्रेस अब कान्स डेब्यू को लेकर चर्चा में आ गई हैं। छाया कदम का कान्स डेब्यू लुक अब चर्चा में है। इसकी वजह ये है कि छाया ने रेड कार्पेट के लिए अपनी दिवंगत मां की साड़ी और नथ पहनी थी। गोल्डन कलर की बनारसी साड़ी के साथ फुल स्लीव्स पर्पल ब्लाउज पहने एक्ट्रेस काफी प्यारी दिख रही थीं। अपने लुक को उन्होंने मैचिंग जूलरी, बालों में गजरे, माथे पर बिंदी और मैं की नथ के साथ पूरा किया था। छाया कदम ने अपने सोशल मीडिया पर कान्स लुक की फोटोज शेयर की हैं। उन्होंने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा-'मां तुम्हें हवाई जहाज़ में घुमाने का मेरा सपना अधूरा रह गया। लेकिन मुझे खुशी है कि मैं आज कान्स फिल्म फेस्टिवल में आपकी साड़ी और नथ फ्लाइट में लेकर आई। लेकिन मां, मैं चाहती थी कि ये सब देखने के लिए आज तुम होती। मैं तुमसे प्यार करती हूं मामुदी और तुम्हें बहुत याद करता हूं।' बता दें कि छाया कदम के अलावा कई एक्ट्रेसेस ने इस बार कान्स के रेड कार्पेट पर डेब्यू किया है। कियारा आडवाणी और शोभिता धूलिपाला भी पहली बार कान्स में दिखीं। इसके अलावा फैशन इंफ्लूएंसर नैंसी त्यागी भी कान्स डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। नैंसी ने अपने बनाए हुए आउटफिट्स के साथ फिल्म फेस्टिवल में जलवा बिखेरा है।

# वेलकम-3 से बाहर संजय दत्त



संजय दत्त से जुड़ी बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि संजय दत्त ने अहमद खान के निर्देशन में बन रही 'वेलकम : टू द जंगल' को बीच में ही छोड़ दिया है। अभी तक आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि तो नहीं हुई है, लेकिन सूत्र ने इसके पीछे का कारण जरूर बताया है। आइए आपको बताते हैं कि संजय दत्त ने 15 दिन की शूटिंग करने के बाद फिल्म क्यों छोड़ी। डेट और स्क्रिप्ट में किए गए बदलावों की वजह से संजय दत्त ने इस फिल्म को छोड़ने का फैसला लिया है। कहा जा रहा है कि संजय दत्त ने फिल्म छोड़ने से पहले अक्षय कुमार से बात की थी। संजय दत्त ने अक्षय के सामने अनप्लान्ड शूटिंग शेड्यूल और स्क्रिप्ट में किए गए बदलावों पर निराशा व्यक्त की और फिर फिल्म छोड़ने का फैसला लिया। अब मेकर्स दुविधा में पड़ गए हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह संजय दत्त द्वारा शूट किए गए सीन्स को फिल्म में रखें या फिर नए एक्टर के साथ एक बार फिर सारे सीन्स शूट करें। कहा जा रहा है कि अभी ज्यादातर लोग इस बात पर सहमत हुए हैं कि संजय दत्त द्वारा शूट किए गए सीन्स को फिल्म में रखा जाए और कहानी में थोड़ा बदलाव कर दिया जाए। अभी तक कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। 'वेलकम टू द जंगल' में संजय दत्त और अक्षय कुमार के अलावा जैकलीन फर्नांडीज, दिशा पटानी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, परेश रावल और सुनील शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म क्रिसमस 2024 में रिलीज होने वाली है।

# अंकिता फ्रैक्चर हाथ लेकर मना रहीं छुट्टियां





अंकिता लोखंडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब एक्ट्रेस ने अपनी नई तस्वीरों से फैंस को खुश कर दिया है। अंकिता पति विक्की जैन को घर पर छोड़कर अपनी गर्ल गैंग के साथ अलीबाग छुट्टियां मनाने गईं हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर नई तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें उन्हें स्विमिंग पुल में मस्ती करते देखा जा सकता है। खास बात ये है कि इस गर्ल गैंग में उनकी मां वंदना लोखंडे भी नजर आ रही हैं। उन्हें भी स्विमिंग पुल में डांस करते देखा जा सकता है। हाल में अंकिता के हाथ पर चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट होना पड़ा था। अब इस बीच एक्ट्रेस हाथ में प्लास्टर लगाकर गर्मी से राहत के लिए स्विमिंग पुल में नाचते देखा जा सकता है। स्विमिंग पुल में मस्ती करने के बाद एक्ट्रेस को अगली तस्वीर में गाना गाते देखा जा सकता है। इस दौरान अंकिता ने ऑरेंज बिकिनी स्टाइल आउटफिट पहना हुआ है। मम्मी वंदना ने भी एक शॉर्ट ड्रेस कैरी की हुई है। मम्मी भी लड़कियों के बीच आ कर खूब एन्जॉय कर रही हैं। बीती शाम अंकिता का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें उन्हें अपनी गर्लगैंग के साथ अपनी गाड़ी में मुंबई से अलीबाग जाते हुए देखा जा सकता था। इस वीडियो में एक्ट्रेस को मस्ती करते हुए देखा गया था। एक्ट्रेस कुछ दिन यहां छुट्टियों का आनंद लेने के बाद वापस मुंबई लौटेंगी। बिग बॉस 17 के बाद अंकिता को ट्रोल्स का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अब एक्ट्रेस अपने काम में बिजी हो गई हैं। एक्ट्रेस ने शो का हिस्सा बनने को अपनी लाइफ की बड़ी गलती कहा था।

# हीरामंडी फेम अदिति राव हैदरी और शर्मिन की बहस का वीडियो वायरल




संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी पिछले कुछ दिनों से छाई हुई है। सोशल मीडिया पर तो इस सीरीज की ही चर्चा है। वहीं इसके स्टार कास्ट भी कम सुर्खियों में नहीं हैं। अब शर्मिन और अदिति राव हैदरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। शर्मिन ने सीरीज में जहां आलमजेब का किरदार निभाया है, वहीं अदिति ने बिब्बो जान का। अब इन दोनों का जो वीडियो वायरल हो रहा है, इसमें शर्मिन कहती हैं कि एक्टर की जात इनसिक्योर होती हैं। इस पर अदिति उन्हें जवाब देती हैं। वीडियो में शर्मिन बोलती हैं कि एक्टर की जान इनसिक्योर होती हैं। इस पर अदिति उन्हें टोकती हैं कि नहीं, लेकिन एक्टर्स भी इंसान हैं। शर्मिन फिर कहती हैं अगर आप इनसिक्योर हो मतलब चलो सोना को इससे बाहर रखो क्योंकि सोना बहुत सिक्योर है, पता है। लेकिन देखा जाए तो इनसिक्योरिटी में भी कोई जादू होता है। शर्मिन आगे बोलती हैं कि अगर इनसिक्योर नहीं हो आप तो फिर आप खुद को आगे कैसे बढ़ाओगे। अदिति कहती हैं कि नहीं-नहीं, इनसिक्योरिटी बकवास है। मैं ऐसी नहीं हूं। इस पर अदिति और सोनाक्षी के जो एक्सप्रेशन होते हैं, वो देखने लायक हैं। लोगों के इस वीडियो पर बहुत कमेंट्स आ रहे हैं। एक ने लिखा अदिति जिस तरह आंखें घुमा रही हैं, ऐसा लग रहा है कह रही हैं चलो छोड़ देती हूं।

# टाइगर की बहन से इश्क लड़ाएंगे अभिषेक कुमार



ईशा मालवीय और समर्थ जुरेल का कुछ दिनों पहले ब्रेकअप हुआ है। दोनों का ब्रेकअप काफी चर्चा में है। ईशा के एक्स बॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार ने बिग बॉस के दौरान कमेंट किया था कि दोनों का ब्रेकअप होगा और ऐसा ही हुआ तो जब अब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन था कि ऐसा होगा। अभिषेक ने सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में कहा कि एक शायरी है कि हकीकत बनते हैं वो लफ्ज जो दर्द में निकले, मत सता इतना कि मुंह से सिर्फ बद्दुआ निकले। कहा था न जो मेरा हाल है, वो एक दिन तेरा भी होगा। छोड़ जाएगी वो तुझे एक दिन। उनसे जब पूछा गया कि उनका क्या रिएक्शन था, जब उन्हें पता चला कि उनकी बात सच हुई तो वह बोले कि पता नहीं मैंने उस वक्त कैसा बोला। मुझे यकीन नहीं हुआ पहले तो कि कैसे मेरी बात सच साबित हो गई। समर्थ के साथ बॉन्ड के बारे में पूछने पर अभिषेक ने कहा, 'हमारे बीच शो में भी अच्छा बॉन्ड था, बस वही है कि उस समय वह अपनी प्रेजेंट गर्लफ्रेंड के बारे में क्यों गलत सुनता तो इसलिए हमारी लड़ाई होती थी। नहीं तो फिनाले वाले दिन भी उसने मुझे गले लगाया। शो के बाद भी हमने अच्छे से बात की। अभी मैं उसे फोन करने वाला हूं क्योंकि इंजरी की वजह से उसने खतरों के खिलाड़ी से बैकआउट कर दिया है।' अभिषेक से फिर पूछा गया कि क्या उन्होंने समर्थ और ईशा का ब्रेकअप मैनिफेस्ट किया था या उन्हें यकीन था कि ऐसा होगा। इस पर उन्होंने कहा, 'मैनिफेस्ट नहीं किया, यकीन था। मैं किसी के लिए बुरा क्यों मैनिफेस्ट करूं। मैं अपने लिए अच्छा मैनिफेस्ट करता हूं।

# चांदनी भागवानानी को पाखी के रोल की वजह से मिलती खूब नफरत



टीवी सीरियल अनुपमा लगातार टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना हुआ है। शो की कहानी में आने वाले उतार-चढ़ाव लगातार दर्शकों का ध्यान इससे बांदे रखते हैं। जहां एक तरफ अनुपमा, यशदीप, किंजल और अनुज कपाड़िया जैसे किरदार सीरियल की जान हैं, वहीं दूसरी तरफ लीला बा, वनराज शाह, पारितोष और स्वीटी जैसे किरदारों ने कहानी का दूसरा छोर पकड़ा हुआ है। निगेटिव किरदार निभाना आसान नहीं होता क्योंकि दर्शकों की नफरत भी मिलती है और कई परतों वाले किरदार को प्ले करना भी थोड़ा मुश्किल है। रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना स्टारर इस सीरियल में चांदनी भागवानानी अनुपमा की मक्कार बेटी पाखी (स्वीटी) का किरदार निभाती हैं। इससे पहले मुस्कान बामने यह रोल प्ले कर रही थीं, लेकिन जब बात कहानी में लीप के बाद पाखी के मां बनने वाले सीक्वेंस की आई तो मुस्कान ने रोल करने से मना कर दिया। तब शो में चांदनी की एंट्री हुई, जो कि बहुत खूबसूरती से इस कैरेक्टर को आगे बढ़ा रही हैं।

# 2800 घंटे में बनकर तैयार हुआ प्रियंका चोपड़ा का 140 कैरेट का डायमंड नेकलेस





चोपड़ा हाल ही में बुलगारी इवेंट में पहुंचीं। इस इवेंट में एक्ट्रेस व्हाइट और ब्लैक कलर की ऑफ शोल्डर गाउन में बेहद खूबसूरत लगीं। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा जिस चीज की हो रही है वो एक्ट्रेस के शॉर्ट हेयर और गले में पहना डायमंड का करोड़ों का नेकलेस है। देखिए प्रियंका चोपड़ा ने इस शॉर्ट हेयर लुक में और इस खूबसूरत नेकलेस को पहनकर इवेंट में कैसे कहर ढाया। साथ ही इस नेकलेस की खासियत भी जानिए।

बुलगारी की 140वीं एनिवर्सरी पर गाला डिनर रखा गया। जिसमें बुलगारी के हाई ज्वैलरी कलेक्शन एटेरना को शो केस किया गया। इस गाला डिनर में प्रियंका चोपड़ा इतनी ग्लैमरस और महंगा डायमंड हार गले में पहनकर पहुंचीं की फोटोज मिनटों में वायरल हो गई।

प्रियंका चोपड़ा ने ऑफ शोल्डर व्हाइट और ब्लैक कलर की गाउन के साथ शॉर्ट हेयर में दिखीं।एक्ट्रेस का ये ग्लैमरस अवतार हर किसी को पसंद आया। खास बात है कि प्रियंका की ये गाउन नीचे से पूरी ट्रांसपेरेंट है। अपने लुक को पूरा करने के लि प्रियंका ने गले में डायमंड का चौड़ा हार पहना। वोग अरेबिया के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा का ये हार सरपेंटी एटेरना का है। इस खूबसूरत से हार को बनाने में करीबन 2800 घंटे लगे जिसमें 200 कैरेट डायमंड लगे। जिसे कट करके 7 ड्रॉप शेप का ये खूबसूरत चमचमाता नेकलेस तैयार किया गया। प्रियंका बुलगारी ब्रांड से कई साल से जुड़ी हुई हैं। इससे पहले 2023 में मेट गाला में बुलगारी का ब्लू कलर का नेकलेस भी खूब सुर्खियों में रहा। जिसकी कीमत रिपोर्ट के मुताबिक 25 मिलियन यानी कि 2.5 करोड़ थी।

# क्या शेरशाह के बाद फिर बड़े पर्दे पर दिखेगी कियारा-सिद्धार्थ की जोड़ी?



बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी, जिन्होंने हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में पहली बार भारत को रिप्रेजेंट किया और अपने स्टाइल से फैंस को दीवाना बनाया। कियारा इस समय अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की तैयारियां कर रहे हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने अपने इंटरव्यू में पति और एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने को लेकर बात की और बताया कि दोनों का क्या प्लान है? कान्स 2024 में अपना जलवा बिखरने वाली कियारा आडवाणी ने हाल ही में अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर बात की और साथ ही उन्होंने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक बार फिर ऑन-स्क्रीन शेयर करने के बारे में भी खुलकर बात की और अगल ऐसा होता है ये पहला मौका होगा जब दोनों शादी के बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे, जिसको लेकर उनके फैंस भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कियारा अडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा पहली बार साल 2021 में आई फिल्म शेरशाह में नजर आए थे। फिल्म में दोनों की जोड़ी को बेहद पसंद किया गया था और इसी फिल्म के दौरान दोनों के बीच प्यार की शुरुआत हुई थी। वहीं, इस फिल्म की अपार सफलता के बाद फैंस काफी समय से दोनों के एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ आने का इंतजार कर रहे हैं, जिसको लेकर एक्ट्रेस ने बताया क्या प्लान है। हाल ही में कान्स 2024 के लिए फ्रांस के अपने सफर के दौरान फिल्म कंपेनियन के साथ अपने इंटरव्यू में कियारा आडवाणी ने अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात की और बताया, मुझे ऐसा लगता है कि शेरशाह ने एक जोड़ी के तौर पर हमें बहुत प्यार दिया। इसलिए फैंस डेफिनेटली हमें फिस साथ देखना चाहते हैं, जिसके लिए काफी एक्साइट हैं। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि फैंस के साथ-साथ वे दोनों खुद भी एक साथ काम करने की संभावना को लेकर उत्साहित हैं।



# सुहासी ने ऑनस्क्रीन बेटे विनीत के साथ खास बातें की साझा

माँ-बेटे के रिश्ते की गहराई को पर्दे पर दर्शाने के लिए सिर्फ अभिनय ही काफी नहीं है, इसके लिए दर्शकों के साथ एक गहरा संबंध जोड़ना भी आवश्यक है। शेमारू टीवी के लोकप्रिय शो कर्माधिकारी शनिदेव में, अभिनेत्री सुहासी धामी और विनीत कुमार का ऑन-स्क्रीन बॉन्ड जितना खूबसूरत नजर आता है, उससे कहीं ज्यादा प्रभावशाली उनकी ऑफ-स्क्रीन दोस्ती है। हाल ही में सुहासी धामी से हुई एक खास बातचीत में उन्होंने खुलासा किया कि उनके और विनीत के बीच ऑफ-स्क्रीन दोस्ती का रिश्ता बहुत खूबसूरत है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मजबूत बॉन्डिंग के कारण उनके ऑन-स्क्रीन प्रदर्शन में अधिक प्रामाणिकता दिखाई देती है, जिससे दर्शकों को अधिक जुड़ाव महसूस होता है। इस प्रकार, उनकी वास्तविक जीवन की मित्रता उनके किरदारों को जीवंत और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

शो में छाया का किरदार निभा रहीं सुहासी धामी ने अपनी यात्रा के बारे में अपने विचार साझा करते हुए कहा, च्विनीत और मैं, एक कलाकार के रूप में, स्क्रीन पर मां और बेटे के बीच के खास रिश्ते को बड़ी सहजता से निभाते हैं। यह रिश्ता प्यार और समझ से भरा एक सच्चा बंधन है। हमने अभिनय से बढ़कर, ऑफस्क्रीन भी दोस्ती का एक प्यारा रिश्ता बनाया है। कैमरा बंद होते ही हमारा अभिनय समाप्त होता है और हम दोस्त बन जाते हैं। हमारा लंच ब्रेक भी हंसी-मज़ाक से भरपूर होता है। कर्माधिकारी शनिदेव में छाया और शनिदेव के रूप में हमारी बॉन्डिंग सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी गहरी दोस्ती को दर्शाती है। हमारा यह बॉन्ड ऑनस्क्रीन और ऑफस्क्रीन दोनों ही जगह पर साफ़ नज़र आता है, जिससे हमारे किरदारों में और भी अधिक गहराई और विश्वसनीयता बढ़ती है। कर्माधिकारी शनिदेव शो को अपनी सम्मोहक कहानी और कलाकारों के शानदार अभिनय के चलते लगातार प्रशंसा मिल रही है। विशेष रूप से सुहासी धामी और विनीत कुमार का प्रामाणिक चित्रण शो में एक अनोखी गहराई और यथार्थवाद को जोड़ता है। उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री और ऑफ-स्क्रीन दोस्ती मां-बेटे के रिश्ते को और भी विश्वसनीय और भावपूर्ण बनाती है, जो दर्शकों के लिए शो का मुख्य आकर्षण बन गया है। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने कहानी को जीवंत कर दिया है, जिससे शो और भी लोकप्रिय हो गया है।

# प्राधिकरण ने 100 करोड़ की जमीन से अतिक्रमण हटाया

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बिसरख के हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कब्जों को हटाने की



कार्रवाई की है। सर्किल तीन के सीनियर मैनेजर नरोत्तम सिंह के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। इस दौरान 100 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। ग्रेटर नोएडा के सीईओ रवि कुमार एनजी ने कहाकि प्राधिकरण की जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। यह एक्शन लगातार जारी रहेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के दौरान अवैध कब्जा करने वालों ने भारी विरोध किया। हालांकि, प्राधिकरण की पुलिस और सुरक्षा बलों के सामने उनकी एक नहीं चली। प्राधिकरण ने पुलिस बल उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों से मांग की थी, लेकिन पुलिस बल नहीं मिल सका।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अब इन अवैध कब्जाकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने जा रहा है। साथ ही, अवैध अतिक्रमण हटाने पर जो भी खर्चा आया है, उसे कब्जाकर्ताओं से वसूल किया जाएगा। इस अभियान में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल तीन के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह, सहायक प्रबंधक गौरव बगेल और कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नोएडा में ट्रेनिंग लेने आये श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारी, डीएम से मिले

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** केंद्र, राज्य एवं जनपदों में प्रशासनिक ढांचे की कार्य प्रणाली, योजना एवं कार्यक्रमों की गहन जानकारी प्राप्त करने के लिए श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों जनपद गौतमबुद्धनगर के भ्रमण पर है। श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों का दल जनपद गौतमबुद्धनगर के कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचा जहां पर डीएम मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया।




कलेक्ट्रेट सभागार में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें डीएम मनीष कुमार वर्मा द्वारा श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल को प्रदेश एवं जनपद के प्रशासनिक ढांचे की कार्य प्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश का शो विंडो कहा जाने वाला जनपद है, जो कि अपनी औद्योगिक उपलब्धियां को लेकर विश्व विख्यात है। जनपद में तीन प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा तीन तहसील सदर, जेवर एवं दादरी है। जिलाधिकारी ने श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों को सारी प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया। वर्कशॉप के आयोजन अवसर पर जिलाधिकारी ने श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। श्रीलंका के इस दल को कलेक्ट्रेट परिसर का स्थलीय भ्रमण भी कराया गया। श्रीलंका के अधिकारियों के इस दल ने पुलिस कमिश्नरेट सेक्टर-108 नोएडा तथा साइबर सुरक्षा सैल का भी भ्रमण किया।

वर्कशॉप में श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# दादरी में दुकानदारों के पास मिली पॉलीथिन, लगाया मोटा जुर्माना



**दादरी।** दादरी नगर पालिका परिषद द्वारा इन दिनों दादरी में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा लगातार अभियान चलाकर दुकानों पर मिलने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया जा रहा है और दुकानदारों पर मोटा जुर्माना लगाया जा रहा है।

दादरी नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के अधीक्षक सर्वेश चौधरी के नेतृत्व में सिंगल यूज प्लास्टिक जब्तीकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 6.300 किलोग्राम पॉलिथीन जप्त की गई तथा नौ दुकानदारों के पास पॉलिथीन मिलने पर उनके ऊपर 32700 रूपये का जुर्माना लगाया गया। जब्तीकरण अभियान के तहत दादरी नगर पालिका के अवर अभियंता जयपाल सिंह, जाकिर हुसैन, वसूलीकर्ता तुषार शर्मा, विद्युत प्रभारी रामप्रवेश पाल, स्वास्थ्य प्रभारी सोहराब, तकनीकी सहायक उत्कर्ष तोमर, सुधीर भाटी, फिरोज अनुज तथा अन्य पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। आपको बता दें कि शासन द्वारा 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णत प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके बाद भी दादरी क्षेत्र में दुकानदारों रेहड़ी पटरी वालों पर सिंगल यूज प्लास्टिक मिल जाती है। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने के लिए दादरी नगर पालिका द्वारा बड़ा अभियान चलाया जा रहा है।

# सेक्टर 51 की समस्याओं को लेकर एसीईओ से की मुलाकात

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-51 की समस्याओं के निवारण के लिए डीडीआरडब्ल्यूए के



पदाधिकारियों ने एसीईओ वंदना त्रिपाठी से उनके कार्यालय में मुलाकात की गई और नोएडा शहर और सेक्टर 51 की मुख्य समस्याओं से अवगत करवाया गया। सीईओ प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सेक्टर-51 के सी-ब्लॉक पार्क में झूला हटाने की मांग की।

सेक्टर-32 कमर्शियल प्लाट में हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा वेस्ट डालने से होने वाली समस्या के विषय पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। पेड़ों की प्रूनिंग ना होने के कारण निवासियों के घरों पर पेड़ गिरने की की आशंका के विषय पर भी चर्चा की गई। ग्रीन बेल्ट की सफाई न होना और ग्रीन बेल्ट में सूखे पेड़ों को हटाने हेतु भी अनुरोध किया गया।

पार्कों में समरसेबल करने का विरोध किया गया और अनुरोध किया गया कि हर पार्क में एसटीपी प्लांट के पानी से ही सिंचाई करवाई जाए। पार्कों में खराब पड़े समरसेबल को वाटर हार्वेस्टिंग पिट में बदलने पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर डीडीआरडब्लूए अध्यक्ष एनपी सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार और RWA सेक्टर 51 की टीम से अरविंद शर्मा और सेक्टर 51 के ब्लॉक से निधि चौधरी और अन्य 6 महिलाएं मीटिंग में शामिल रहीं।

# गर्मी की छुट्टियों में छात्रों को सौंपा पर्यावरण सुरक्षा मिशन

**दादरी ( चेतना मंच )।** दादरी नगर पालिका परिषद ने क्षेत्र को स्वच्छ तथा हरा-भरा बनाने के मकसद से दादरी स्थित स्कूलों के छात्रों को गर्मियों की छुटियों के लिए एक मिशन सौंपा है।

दादरी नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी श्रीमती दीपिका शुक्ला के निर्देशों पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक विपिन रूहेला, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी सुधीर भाटी व कलस्टर इंचार्ज राजीव कुमार, जय प्रकाश, विक्रम भाटी व मुकेश कुमार द्वारा दादरी के स्कूलों में स्वच्छ सारथी क्लब के तहत छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के तहत सेंट हुड कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों को गर्मी की छुट्टियों में 100 प्रतिशत सूखा, कूड़ा गीला, कूड़े को अलग-अलग डालने, होम कम्पोस्टिंग करने तथा कम्पोस्टिंग से खाद बनाने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही स्कूलों के बच्चों को अपने घर के आंगन, किचन, बाल्कनी में गॉर्डन बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के प्रति प्रेरित किया गया।

# अमन ने नई आबादी का नाम किया रोशन

**दादरी ( चेतना मंच )।** नई आबादी के रहने वाले व सिटी हार्ट एकेडमी स्कूल के छात्र अमन अब्बासी ने सीबीएसई बोर्ड में 89 प्रतिशत अंक लाकर पूरी बस्ती व अपने समाज का नाम रोशन कर दिया है। दादरी निवासी साबिर अली समाजसेवी, जहीर अब्बासी, आशामोहम्मद अब्बासी, सद्दाम अब्बासी ने अपने निवास पर अमन अब्बासी को नोटों और फूलों की माला डालकर हौंसला अफजाई की।

## सीबीएसई बोर्ड में लाए 89 प्रतिशत अंक



उन्होंने कहा कि हम आगे भी ऐसी कामना करते हैं कि वह आगे भी अपनी बस्ती का नाम रोशन करते रहे, हमारा आशीर्वाद उनके साथ है। साबिर अली ने कहा कि मान-सम्मान करने का सिर्फ मकसद यह है कि और बच्चों को भी पढ़ने की होड़ मच जाए।

वहीं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अमन अब्बासी ने कहा कि मैं आईपीएस अफसर बनना चाहता हूं।

इस मौके पर पप्पल अल्वी, गुलजार अल्वी, पप्पू अल्वी, इंडियन शेख अब्बासी अल्पसंख्यक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष साबू अब्बासी मौजूद रहे।

# '24 को लखनऊ में आईडीसी के साथ होगी बैठक'

## भारतीय किसान यूनियन मंच के प्रतिनिधि मंडल को सीईओ ने दिया आश्वासन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 24 मई को लखनऊ में औद्योगिक विकास आयुक्त




आईडीसी के साथ किसानों के सभी मुददों पर चर्चा की जाएगी। नोएडा प्राधिकरण ने किसानों की सभी मांगों का एजेंडा तैयार कर लिया है। यह आश्वासन दिया नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने।

भारतीय किसान यूनियन मंच के 21 सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान के नेतृत्व में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डाक्टर लोकेश एम से मुलाकात की।

सीईओ ने कहा की 24 मई को लखनऊ में आईडीसी/चैयरमैन मनोज कुमार सिंह के साथ इन मुद्दों को लेकर मीटिंग है और उन्होंने संपूर्ण डेटाबेस पर काम कर लिया है और किसानों का पक्ष सही और सकारात्मक रूप से रखा जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों में भी तेजी लाई जाएगी और अब स्टाफ पूरा होने पर किसानों के कामों में और तेजी आएगी। मीटिंग दोनों तरफ से सकारात्मक रही और जल्द ही इसके सुखद परिणाम देखने को मिलेंगे।

इस मौके पर सीईओ के साथ एसीईओ सतीश पाल, ओएसडी महेंद्र प्रसाद, क्रांति शेखर, अरविंद कुमार, डीजीएम विजय रावल, जीएम आरपी सिंह, एडिशनल कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर शिव हरि मीणा, डीसीपी विद्यासागर मिश्र, एडीसीपी मनीष मिश्रा, एसीपी प्रवीण सिंह, सौम्या सिंह आदि उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन मंच की सभी विंगों की संपूर्ण कार्यकारिणी भी उपस्थित रही।

# स्व. राजीव गाँधी को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित जिला कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।




इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की 33वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्व. राजीव गाँधी न सिर्फ आधुनिक भारत के निर्माता थे बल्कि वे एक युग दृष्टा थे जिन्होंने आज के भारत का सपना तीन दशक पूर्व देखा था। उन्होंने राजनीति में ज्यादा से ज्यादा युवा शामिल हों अपनी पसंद के राजनेता का चुनाव कर सके इसलिए मतदान की उम्र 18 वर्ष निर्धारित करायी। श्रद्धांजलि सभा में बिन्नू नेता, रमेश बाल्मीकि, सचिन भाटी, रूपेश भाटी, संदीप भाटी, सुबोध भाटी, राजीपाल, हीरालाल जिंदल, नवीन कुमार, रवि कुमार, अनुज पहलवान, संजीव, वंश चौधरी आदि लोग शामिल रहे।

**नोएडा।** नोएडा महानगर कांग्रेस कार्यालय गिझोड़ पर भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव नोएडा महानगर के अध्यक्ष मुकेश यादव ने इस अवसर पर कहा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की सोच देश को आगे ले जाने वाली थी। भारत में संचार क्रांति की देन स्व. राजीव गांधी की देन है।

नोएडा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनेश अवाना व वरिष्ठ नेता फिरे सिंह नागर ने स्व0 राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कहा कि देश को आज स्व. राजीव गांधी जैसे प्रधानमंत्री की जरूरत है।

इस अवसर पर नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष ललित अवाना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार भारती, पूर्व उपाध्यक्ष डॉक्टर सीमा, महेश यादव, अरुण शर्मा, तोताराम, आसिफ खान, सिकंदर, गुलफाम, तेजिंदर, कमल, रोहित, अंकित, सुभाष, सतीश सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

